4th Year Anniversary

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

### गुस्ताखी माफ

राहुल भैया आप यूं, चलना कर दें बंद।
नहीं कंगना को जरा, ऐसी चाल पसंद।
ऐसी चाल पसंद, दुखी है देखो गोरी।
उसको लगते आप, शहर के टॉप टपोरी।
कह साहिल कविराय, सही यह नहीं रवैया।
चलना कर दें बंद, आप यूं राहुल भैया।



- डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 11 | ISSUE 66 | FRIDAY 20-03-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER  Visit at : www.uturntime.com

# सेक्टर-9 मर्डर केस: कैथल में मुठभेड़ के बाद दो शूटर काबू, गैंग कनेक्शन की जांच तेज

## मर्डर मामले में चंडीगढ़ पुलिस का फेलियर









अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/ 19 मार्च। सेक्टर-9 में मोहाली प्रॉपर्टी डीलर चमनप्रीत नागरा उर्फ 'चीनी' की हत्या के मामले में पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने बड़ा ऑपरेशन करते हुए हरियाणा के कैथल में मुठभेड़ के बाद दोनों शूटरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, कार्रवाई के दौरान आरोपियों ने फायरिंग की, जिसके जवाब में टीम ने जवाबी कार्रवाई की और दोनों घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने आरोपियों की पहचान राजन उर्फ पीयूष पहलवान (फिरोजपुर) और प्रीतम शाह (नवांशहर) के रूप में की है। दोनों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक और तीन पिस्तौल बरामद की गई हैं। शुरूआती जांच में इन्हीं हथियारों के इस्तेमाल की पुष्टि हुई है।

### लोकेशन ट्रैक कर हरियाणा में घेरा

सूत्रों के अनुसार, वारदात के तुरंत बाद AGTF ने तकनीकी इनपुट के आधार पर आरोपियों की लोकेशन ट्रैक की। जैसे ही वे चंडीगढ़ से निकलकर मोहाली की ओर बढ़े, टीम उनके पीछे लग गई और लगातार पीछा करते हुए कैथल में घेराबंदी कर दी, जहां मुठभेड़ के बाद उन्हें काबू किया गया।

**परिवार का गुस्सा, अब न्याय की उम्मीद...**हत्या के बाद चमनप्रीत नागरा के परिवार में भारी रोष था। परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी तक पोस्टमॉर्टम न कराने की बात कही थी। अब गिरफ्तारी के बाद पुलिस को उम्मीद है कि मामले में जल्द बड़े खुलासे होंगे।

**गवर्नर ने तलब किए पुलिस अधिकारी...**शहर में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पंजाब यूनिवर्सिटी फायरिंग और इस हत्याकांड को गंभीरता से लेते हुए चंडीगढ़ प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को तलब किया है। संकेत हैं कि कानून-व्यवस्था को लेकर सख्त कदम उठाए जा सकते हैं।

**रेकी और नेटवर्क की जांच...**मृतक के दोस्तों का दावा है कि आरोपी कई दिनों से उसकी रेकी कर रहे थे। पुलिस को यह भी इनपुट मिला है कि हमलावर सेक्टर-42 अटावा इलाके में ठहरे हुए थे। फिलहाल AGTF पूरे नेटवर्क, संभावित गैंग लिंक और साजिश के अन्य पहलुओं की गहराई से जांच कर रही है।




### विदेश से लौटकर रची साजिश ?

जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपी राजन हाल ही में मलेशिया से नेपाल के रास्ते अवैध रूप से भारत लौटा था। पुलिस को शक है कि हत्या एक सोची-समझी साजिश के तहत अंजाम दी गई। दोनों आरोपी पहले से कई आपराधिक मामलों में वांछित बताए जा रहे हैं।

## हल्का सेंट्रल में गमार्या ड्रग्स और सट्टे का मामला

# भाजपा ने आप विधायक की रेड को बताया आईवॉश, राजनीतिक शह पर चल रही सट्टे की दुकानों पर बीजेपी नेता खुद करेगें रेड

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/19 मार्च। लुधियाना के हल्का सेंट्रल में ड्रग्स और सट्टे का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। जहां पर आप विधायक अशोक पराशर पप्पी द्वारा सट्टे की दो दुकानों पर रेड की गई थी। वहीं बुधवार को भाजपा के सीनियर नेता गुरदेव शर्मा देबी द्वारा प्रैस कांफ्रेस करके विधायक पप्पी की रेड को आईवॉश बताया। प्रैस कांफ्रेस के दौरान भाजपा नेता विक्की सहोता, गौतम मुकेश समेत कई लीडर मौजूद थे। इस दौरान गुरदेव शर्मा देबी ने कहा कि विधायक अशोक पराशर की सट्टे की दुकानों पर रेड प्लानिंग है। पहले प्लानिंग की जाती है और फिर दिखावे के लिए रेड की जाती है। लेकिन उन्हें बता दें कि हल्का सेंट्रल की जनता मुर्ख नहीं है। चार साल विधायक चुप रहे और अब विधानसभा चुनाव नजदीक आने पर रेड करने लग गए।

जबकि रेड में भी सिर्फ दिहाड़ी करने वालों को पकड़कर खानापूर्ति की जा रही है और असली सट्टेबाजों का बचाव किया जा रहा है। देबी ने कहा कि अब वह खुद हल्के में राजनीतिक शह पर चल रही सट्टे की दुकानों पर मीडिया को साथ लेकर रेड करेगें। ताकि हल्के के असली सट्टेबाजों के चेहरे सामने आ सकें।



**भाजपा की लोकप्रियता देखकर बदनाम करने में जुटे आप लीडर...**वहीं भाजपा नेता गुरदेव शर्मा देबी ने आरोप लगाया कि हल्के में भाजपा की लगातार लोकप्रियता बढ़ रही है। जिसके चलते अब आप लीडर जानबूझकर प्लान बनाकर भाजपा को बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन जनता समझदार है। जनता को पता है, जिस लीडर ने चार साल कुछ नहीं किया और अब एकदम उसे सट्टे की दुकानें याद आ गईं, आखिर ऐसा क्यों। सभी को पता है कि यह सिर्फ पॉलिटिक्ल स्टंट है। देबी ने कहा कि पंजाब में जो पत्रकार सच्चाई दिखाते है उन पर भी पर्चे दर्ज करवाए जा रहे है। आप सरकार के समक्ष जो कोई भी व्यक्ति मुद्दा उठाता है उस पर कार्रवाई हो जाकी है।

### जनकपुरी की गलियों में चल रही सट्टे की दुकानें

वहीं बता दें कि जनकपुरी की गली नंबर 9, 10 और 11 में सरेआम सट्टे की दुकानें चलने की चर्चाएं हैं। उक्त गलियों के मोड़ पर बनी दुकानों में तो कहीं दुकानों के ऊपर कमरे में सट्टा खेला जाता है। कई दिखावे को बनाई करियाने की दुकानों में सट्टा चल रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि चौकी जनकपुरी उक्त एरिया से कुछ दूरी पर है, लेकिन फिर भी एक्शन नहीं हो पाता। चर्चा है कि जनकपुरी में दुकानें चलाने वाले ही असली सट्टा किंग है। लेकिन राजनीतिक शह के चलते उन पर एक्शन नहीं होता।

### खुद रेड करेगें भाजपा लीडर

भाजपा नेता देबी ने आरोप लगाया कि पिछले चार साल के दौरान हल्के में ड्रग्स और सट्टे का कारोबार तेजी से बढ़ा है। कई परिवार इसकी चपेट में आ चुके हैं। लेकिन चार साल से विधायक द्वारा कोई एक्शन नहीं लिया गया। देबी ने कहा कि अब वह खुद जनकपुरी, गणेश नगर समेत अन्य इलाकों में राजनीतिक शह पर चल रही सट्टे की दुकानों पर रेड करेगें, ताकि सच्चाई सामने आ सके। आप लीडर रेड के दौरान साजिश के तहत भाजपा लीडरों के नाम ले रहे हैं। जिस संबंधी वे कोर्ट का रुख अपनाएंगे।

Uturn Time 20 Mar 2026_Layout 2 19-03-2026 22:48 Page 2



Celebrate your Birthday or Anniversary with UTURN TIME in association with
Hot Breads
0161-4603333, 5012222
2 LUCKY WINNERS WILL GET CAKE WORTH OF ₹1200 EACH
*WINNERS WILL BE DECIDED THROUGH LUCKY DRAW
T&C
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
janhetaishi@gmail.com, hetaishinews@gmail.com
All rights about Distribution & Offer will be reserved by U-TURN TIME MANAGEMENT Only.

# कच्चे तेल की कीमतों और कमजोर वैश्विक रुझानों के कारण शेयर बाजार 3 प्रतिशत से ज्यादा गिरा; 20 महीनों में सबसे बड़ी गिरावट

चंडीगढ़/यूटर्न/19 मार्च। गुरुवार को बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी 3 प्रतिशत से ज्यादा गिर गए। पश्चिम एशिया में ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर पर बढ़ते हमलों के बीच, कच्चे तेल की कीमतों में अचानक उछाल और कमजोर वैश्विक रुझानों ने निवेशकों को घबरा दिया। 30 शेयरों वाला इराए सेंसेक्स 2,496.89 अंक या 3.26 प्रतिशत गिरकर 74,207.24 पर बंद हुआ - यह जून 2024 के बाद से इसकी एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है। दिन के दौरान, यह 2,753.18 अंक या 3.58 प्रतिशत गिरकर 73,950.95 पर पहुँच गया था। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 775.65 अंक या 3.26 प्रतिशत गिरकर 23,002.15 पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से, इटर्नल, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, लार्सेन एंड टूब्रो और बजाज फाइनेंसर सबसे ज्यादा गिरने वाले शेयरों में शामिल थे। एचडीएफसी बैंक 5.13 प्रतिशत गिर गया, जब उसके चेयरमैन, अतानु चक्रवर्ती ने नैतिक चिंताओं का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया। वैश्विक तेल बेंचमार्क, ब्रेंट क्रूड 6.75 प्रतिशत बढ़कर 114.8 यूएसडीटी प्रति बैरल पर पहुँच गया, जब ईरान ने कतर में एक प्रमुख प्राकृतिक गैस सुविधा और कुवैत में दो तेल रिफाइनरियों पर हमला किया।



## ईरान ने हमले किए तेज

ईरान ने गुरुवार को अपने खाड़ी अरब पड़ोसियों के ऊर्जा स्थलों पर अपने हमले तेज कर दिए। अपने मुख्य प्राकृतिक गैस क्षेत्र पर इजराइली हमले के जवाब में, उसने लाल सागर पर एक सऊदी रिफाइनरी पर हमला किया, और कतर की एलएनजी सुविधाओं तथा कुवैत की दो तेल रिफाइनरियों में आग लगा दी। एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का बेंचमार्क Kospi, जापान का Nikkei 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कंपोसिट सूचकांक और हांगकांग का Hang Seng सूचकांक काफी नीचे बंद हुए।

## यूरोप के बाजार भारी नुकसान के साथ कारोबार कर रहे

यूरोप के बाजार भारी नुकसान के साथ कारोबार कर रहे थे। बुधवार को अमेरिकी बाजार भी काफी नीचे बंद हुआ था। एक्सचेंज डेटा के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (FIIs) ने बुधवार को 2,714.35 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों (DIIs) ने 3,253.03 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। बुधवार को सेंसेक्स 633.29 अंक या 0.83 प्रतिशत बढ़कर 76,704.13 पर बंद हुआ। निफ्टी 196.65 अंक या 0.83 प्रतिशत बढ़कर 23,777.80 पर बंद हुआ।

# ICSI का करियर अवेयरनेस प्रोग्राम, छात्राओं ने दिखाया उत्साह






लुधियाना, यूटर्न, 19 मार्च। इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (ICSI) के एनआईआरसी (NIRC) के लुधियाना चैप्टर क्ठरकद्वारा रामगढ़िया गर्ल्स कॉलेज में एक प्रभावी करियर जागरूकता कार्यक्रम (CAP) का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को पारंपरिक शैक्षणिक शिक्षा से आगे बढ़ाकर व्यावसायिक उत्कृष्टता की दिशा में मार्गदर्शन देना था। कार्यक्रम का नेतृत्व चैप्टर की चेयरपर्सन सीएस कंचन भाटिया ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कंपनी सेक्रेटरी (उर) कोर्स की संरचना, इसके विभिन्न चरणों और कॉर्पोरेट सेक्टर में इसकी बढ़ती मांग पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सीएस एक 'की मैनेजरियल पर्सनल' (KMP) के रूप में कॉर्पोरेट गवर्नेंस, अनुपालन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाता है। सत्र को इंटरैक्टिव बनाते हुए छात्राओं को सीधे प्रश्न पूछने और अपने करियर से जुड़ी शंकाओं का समाधान प्राप्त करने का अवसर मिला। उन्होंने परीक्षा प्रणाली, प्रशिक्षण और निजी व सरकारी क्षेत्रों में उपलब्ध करियर विकल्पों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की। कॉलेज की प्रिंसिपल सुश्री अजीत कौर ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को स्पष्ट करियर दिशा प्रदान करते हैं और उन्हें पेशेवर रूप से सशक्त बनाते हैं।

# अब लुधियाना की पार्कों और ग्रीन बेल्ट से हटेगें कब्जे, NGT का डीसी और 2 विभागों को नोटिस, कार्रवाई न होने पर अफसरों पर हो सकता एक्शन

## सरकारी विभागों ने ही कर रखे कब्जे, तीन महीने में रिपोर्ट सबमिट करने के ऑर्डर

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/19 मार्च। लुधियाना में नगर निगम, ग्लाडा और लुधियाना इंप्रूवमेंट ट्रस्ट की और से पार्कों और ग्रीन बेल्ट में सरेआम अवैध कब्जे कर रखे हैं। कहीं पार्क में कमरे तो कहीं दुकानें बना रखी है, जबकि कई जगह तो धार्मिक स्थल व कोठियां तक बना दी गई। इस मामले में एनजीटी द्वारा संज्ञान ले लिया गया है। जिसके चलते डीसी लुधियाना हिमांशु जैन, पंजाब प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड और मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरनमेंट की संयुक्त कमेटी बनाकर कार्रवाई करने के ऑर्डर दिए हैं। जिस संबंधी तीन महीने में रिपोर्ट सबमिट करनी होगी। अगर रिपोर्ट सबमिट न की गई तो एनजीटी द्वारा अधिकारियों पर भी एक्शन लिया जा सकता है। यह ऑर्डर 18 मार्च को किए गए हैं। अब देखना होगा कि एनजीटी की सख्ती के बाद डीसी, पीपीसीबी और मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरनमेंट द्वारा कोई एक्शन लिया जाता है या नहीं।






डीसी हिमांशु जैन



हल्का आत्म नगर में विश्वकर्मा पार्क में संस्था का बना कमरा और विधायक ने लाइब्रेरी का नींव पत्थर भी लगवा दिया।



*सरकारी भी ही खत्म करने में लगा ग्रीन बेल्ट...एक तरफ पंजाब सरकार द्वारा ग्रीन बेल्ट को बढ़ावा देने और पौधे लगाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाता है। वहीं दूसरी तरफ सरकार के ही सरकारी विभाग नगर निगम, लुधियाना इंप्रूवमेंट ट्रस्ट और ग्लाडा द्वारा कब्जे किए जा रहे है या करवाकर ग्रीन बेल्ट खत्म की जा रही है। कहीं राजनेता कब्जे करने में लगे है तो कहीं संस्थाएं। चर्चा है कि अधिकारियों को नियमों का पता है, लेकिन मिलीभगत के चलते वह इसे रोकते नहीं है।*

**10 महीने पहले भी किए थे आदेश, नहीं लिया एक्शन...**जानकारी के अनुसार पब्लिक एक्शन कमेटी की और से शहर में पार्कों और ग्रीन बेल्ट पर हुए कब्जे को लेकर एनजीटी के समक्ष यह मामला उठाया था। जिसके बाद 31 जुलाई 2025 को एनजीटी ने एक कमेटी गठित की। जिसमें डीसी हिमांशु जैन, पीपीसीबी और मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरनमेंट मेंबर बनाए गए और डीसी नोडल अफसर बनाए गए थे। तब कमेटी को एक्रोचमेंट हटवाने और उसकी रिपोर्ट तीन महीने में सबमिट करने के आदेश दिए थे। लेकिन न तो एक्शन लिया गया और न ही रिपोर्ट सबमिट की गई थी।

**संस्थाओं ने पार्क में बना रखे कमरे व लाइब्रेरी...**शहर की किसी भी पार्क को देख लें तो उसमें 1-2 कमरे जरुर बने होते हैं। नियमों के मुताबिक पार्क में एक भी कमरा नहीं बन सकता। लेकिन उदाहरण के तौर पर देखें तो गिल रोड पर शिअद नेता गुरमीत सिंह कुलार के ऑफिस सामने ही विश्वकर्मा पार्क में सरेआम संस्था ने कमरे बना रखे हैं और लाइब्रेरी बनी है। जिसका उद्घाटन भी विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू ने किया था। वहीं रखबाग में तो पंक्षी सेवा सोसायटी चल रही थी। इसी के साथ साथ सराभा नगर के हैप्पी फोर्जिंग पार्क में तो टेपोरेरी कंटीन चल रही है। जहां कारोबारी रोजाना सुबह आकर चाय-काफी पीते हैं।

## अधिकारियों पर हो सकता एक्शन

पब्लिक एक्शन कमेटी के कपिल अरोड़ा ने बताया कि कमेटी द्वारा एक्शन लेने पर उन्होंने दोबारा 10 मार्च 2026 को एनजीटी के समक्ष पेश होकर याचिका दायर की। जिसके बाद एनजीटी ने डीसी समेत तीनों विभागों को नोटिस जारी किया है। जिसमें अधिकारियों को पहले एक्शन न लेने का जवाब दाखिल करने और अगर एक्शन लिया है तो उसकी रिपोर्ट पेश करने को कहा है। चर्चा है कि अगर अधिकारी अभी भी एक्शन नहीं लेते तो एनजीटी अधिकारियों पर भी एक्शन ले सकती है।

## *क्या कमेटी खत्म कर सकेगी कब्जों का नेक्सस*

*एनजीटी द्वारा कार्रवाई करने के लिए डीसी लुधियाना हिमांशु जैन, पंजाब प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड और मिनिस्ट्री ऑफ इन्वायरमेंट की कमेटी तो बना दी गई है। लेकिन अब देखना होगा कि कमेटी कब्जाधारियों और अधिकारियों का यह कब्जों का नेक्सस तोड़ सकेगी या नहीं।*

## पार्क की 1000 गज जमीन में बना रखी गौशाला

जानकारी के अनुसार यह कब्जे नगर निगम, लुधियाना इंप्रूवमेंट ट्रस्ट और ग्लाडा द्वारा करवाए गए हैं। हैबोवाल डेयरियों में तो पार्क की 1000 गज जमीन पर खुद को समाजसेवी कहने वाले कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर गौशाला बना रखी है। वहीं मॉडल टाउन एक्सटेंशन के सामने पार्क में ट्यूशन सेंटर चल रहा है। इसी तरह सराभा नगर थाने के पास एक कांग्रेसी लीडर ने पार्क के बीच से सड़क निकाल रखी है। वहीं गांधी नगर मार्केट के बाहर पार्क को खत्म करके वेन्डिंग जोन बनाया जा रहा है।

लुधियाना
यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
03 शुक्रवार, 20 मार्च 2026



पेज 06 चैत्र नवरात्र की शुरुआत, रेवाड़ी के सिद्धपीठ...

# जगरांव नगर परिषद में NOC को लेकर विवाद गरमाया

## कार्यकारी प्रधान ने एड दफ्तर के बाहर दिया धरना, NOC जारी करने के बदले रिश्वत मांगने और परेशान करने के आरोप

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/19/मार्च। स्थानीय नगर परिषद दफ्तर में आज उस समय माहौल तनावपूर्ण हो गया, जब ठडउ (एनओसी) और नक्शा पास करवाने के मामले को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि नगर परिषद गवर्नमेंट के कार्यकारी प्रधान कंवरपाल सिंह को अपने साथियों सहित कार्यकारी अधिकारी (एड) के दफ्तर के बाहर धरना देना पड़ा। हालांकि, कुछ ही मिनटों बाद पूरे मामले को 'गलतफहमी' बताते हुए धरना समाप्त कर दिया गया, लेकिन इस घटनाक्रम ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।









कार्यकारी अध्यक्ष कुंवर पाल सिंह



EO मोहित शर्मा

### जनता के लिए उठे सवाल

भले ही इस मामले को 'गलतफहमी' कहकर शांत कर दिया गया हो, लेकिन शहरवासियों में यह चर्चा शुरू हो गई है कि यदि सत्ता पक्ष के नेताओं को ही अपने अधिकारियों के खिलाफ धरना देना पड़ रहा है, तो आम जनता के काम इन दफ्तरों में कैसे और कब होंगे?

### क्या कहना है एड का:-

जब पत्रकारों ने एड शर्मा से इस मामले पर बात करने की कोशिश की, तो उन्होंने पहले कहा कि वे विधायक बीबी सरबजीत कौर मानुंके से पूछे बिना कुछ नहीं कहेंगे। बाद में उन्होंने कहा कि यह केवल एक गलतफहमी है, जिसे बातचीत से सुलझा लिया जाएगा।

**पार्षद पति ने भी उठाए सवाल:** इस मौके पर वार्ड नंबर 13 की महिला पार्षद अनीता सभरवाल के पति रविंदर कुमार (फीना) ने भी नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब चुने हुए प्रतिनिधियों को ही ठडउ लेने के लिए परेशान होना पड़ रहा है, तो आम जनता की स्थिति क्या होगी।

### बातचीत के दौरान बढ़ी तल्खी, धरना शुरू

सूत्रों के मुताबिक, जब इस मामले को लेकर कार्यकारी प्रधान के दफ्तर में एड शर्मा के साथ बैठक चल रही थी, तो एड ने स्पष्ट किया कि वे सरकारी नियमों और कानूनी प्रक्रिया के तहत ही काम कर रहे हैं और आवश्यक दस्तावेज ही मांगे गए हैं। इसके बाद एड अपने दफ्तर चले गए। इस पर नाराज होकर कार्यकारी प्रधान, खैहरा और अन्य पार्षदों ने एड दफ्तर के बाहर जमीन पर बैठकर धरना शुरू कर दिया और जमकर नारेबाजी की।

### क्या है पूरा मामला ?



प्राप्त जानकारी के अनुसार, जगरांव के कांग्रेसी नेता सुखपाल खैहरा ने नगर परिषद के एड मोहित शर्मा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें 75 गज के कमर्शियल प्लॉट की ठडउ जारी करने के लिए जानबूझकर परेशान किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि सरकारी निर्देशों के मुताबिक इतनी जमीन के लिए फायर ब्रिगेड विभाग की ठडउ की जरूरत नहीं होती, फिर भी उनसे 14,100 रुपये की फीस जमा करवाई गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस काम के लिए कथित तौर पर 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी जा रही है।

### मामला सुलझा, 'गलतफहमी' करार

कुछ समय बाद वाइस अध्यक्ष अध्यक्ष जगजीत सिंह जग्गी और आम आदमी पार्टी के अन्य नेताओं की मौजूदगी में एड शर्मा ने मीडिया के सामने अपना पक्ष रखा। उन्होंने रिश्वत के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि नगर परिषद में पूरी पारदर्शिता से काम होता है। उन्होंने बताया कि किसी तीसरे व्यक्ति द्वारा गलत तरीके से बात पेश किए जाने के कारण यह गलतफहमी पैदा हुई थी, जिसके चलते धरना लगाया गया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कमर्शियल इमारतों के लिए फायर ब्रिगेड विभाग की NOC सरकारी नियमों के अनुसार आवश्यक है। दूसरी ओर कंवरपाल सिंह ने भी बाद में कहा कि धरना केवल गलतफहमी के कारण लगाया गया था और अब मामला सुलझ चुका है।

# महापौर पदमजीत सिंह मेहता का बड़ा ऐलान, 72 घंटे में गड्ढे भरने के निर्देश



सोनू टुटेजा

बठिंडा, यूटर्न, 19 मार्च। शहर के समग्र विकास और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महापौर श्री पदमजीत सिंह मेहता ने आज नगर निगम के पार्षदों के साथ एक अहम बैठक की। इस बैठक में उन्होंने बठिंडा महानगर को गड्ढा मुक्त बनाने का बड़ा ऐलान करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए। महापौर मेहता ने कहा कि नगर निगम के अधीन आने वाली किसी भी सड़क पर यदि गड्ढा दिखाई देता है, तो उसे 72 घंटे के भीतर भरना अनिवार्य होगा। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि तय समय सीमा का कड़ाई से पालन किया जाए, ताकि आम जनता को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में आगामी बरसाती मौसम को ध्यान में रखते हुए व्यापक तैयारियों पर भी चर्चा की गई। महापौर ने निर्देश दिए कि अगले 15 दिनों के भीतर सभी ड्रेनेज ग्रिल्स की सफाई पूरी कर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। साथ ही डिस्पोजल मोटरों की कार्यक्षमता सुनिश्चित करने के भी आदेश दिए गए, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति न बने।

# ऑफिस ऑफ डिस्ट्रिक्ट पब्लिक रिलेशन्स ऑफिसर, बठिंडा



बठिंडा, यूटर्न, 19 मार्च। स्थानीय आदर्श स्कूल में आज एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बठिंडा (अर्बन) के विधायक स. जगरूप सिंह गिल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर काउंसलर स. सुखदीप सिंह ढिल्लों भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विधायक गिल ने नवोदय विद्यालय (अर्बन एरिया) में चयनित विद्यार्थियों अक्षवीर सिंह और तनिष्का, तथा सैनिक स्कूल में चयनित पृथ्वी राज को उनके अभिभावकों सहित सम्मानित कर बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन विद्यार्थियों की सफलता उनकी कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को तैयार करने वाले शिक्षकों सरदार मंजीत सिंह और मैडम परमिंदर कौर सहित पूरे स्कूल स्टाफ की सराहना की। विधायक गिल ने स्कूल प्रबंधन को आश्वासन दिया कि आदर्श प्राइमरी स्कूल, बठिंडा की हर समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। उन्होंने बच्चों की सुविधा के लिए छह वाटर कूलर देने की घोषणा भी की। इस मौके पर स्कूल स्टाफ, एसएमसी कमेटी के वाइस चेयरमैन, सदस्य और अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रमुख स. सुखदीप सिंह मान ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का धन्यवाद किया।

# पड़ोसियों ने किया परिवार पर हमला, दो महिलाओं समेत चार पर मामला दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/19 मार्च। नानक नगर इलाके में पड़ोसियों द्वारा एक परिवार पर हमला कर दिया गया। इस दौरान बीच-बचाव करने आए युवक को भी आरोपियों ने तेजधार हथियार दातर से घायल कर दिया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करवाया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। थाना दरेसी की पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों रमन, करण, पूजा और निशा, निवासी नानक नगर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। शिकायतकर्ता मनीष निवासी गली नंबर 10, नानक नगर ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह काम से घर लौटा तो देखा कि उनके पड़ोस में रहने वाले दो भाई रमन और करण उनके माता-पिता और बहन के साथ मारपीट कर रहे थे। मनीष के मुताबिक, आरोपियों के साथ उनकी मां पूजा और बहन निशा भी मौके पर मौजूद थीं और मारपीट में शामिल थीं। जब उसने अपने परिवार को बचाने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उस पर भी हमला कर दिया और दातर से चोटें पहुंचाई। खून से लथपथ हालत में उसे सिविल अस्पताल पहुंचाया जहां उसके सिर पर 14 टांके लगे।



# हरियाणा में प्रशासनिक फेरबदल: 23 आईएएस अधिकारियों के तबादले

चंडीगढ़/यूटर्न/19 मार्च। हरियाणा सरकार ने बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल करते हुए कई आईएएस अधिकारियों के तबादले और नई नियुक्तियां की हैं। इस क्रम में डॉ. राजा शेखर वुंडरू को खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग का अतिरिक्त मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है।

इसके साथ ही उन्हें परिवहन विभाग की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त उन्हें मुद्रण एवं स्टेशनरी विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। जी. अनुपमा को सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग का अतिरिक्त मुख्य सचिव बनाया गया है। विजेंद्र कुमार को सहकारिता विभाग का अतिरिक्त मुख्य सचिव और प्रस्तावित हरियाणा आय संवर्धन बोर्ड का ओएसडी नियुक्त किया गया है। साथ ही उन्हें कार्मिक विभाग (नियुक्ति) तथा सैनिक एवं अर्द्धसैनिक कल्याण विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।



**अग्रवाल कृषि एवं किसान कल्याण विभाग सचिव नियुक्त...** पंकज अग्रवाल को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। इसके अलावा उन्हें खनन एवं भूविज्ञान विभाग के प्रधान सचिव का अतिरिक्त कार्यभार भी दिया गया है।

साकेत कुमार को मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव के साथ-साथ विकास एवं पंचायत विभाग का आयुक्त एवं सचिव नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त उन्हें सहकारिता विभाग का आयुक्त एवं सचिव तथा हरियाणा पावर जेनरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड का प्रबंध निदेशक भी बनाया गया है।

**मोना श्रीनिवास रेजिडेंट कमिश्नर नियुक्त...** मोना श्रीनिवास को हरियाणा भवन, नई दिल्ली में रेजिडेंट कमिश्नर नियुक्त किया गया है। मणि राम शर्मा को हरियाणा में सहकारी समितियों का रजिस्ट्रार बनाया गया है। मुकुल कुमार को शहरी स्थानीय निकाय विभाग में निदेशक एवं विशेष सचिव नियुक्त किया गया है।

साथ ही उन्हें राज्य शहरी आजीविका मिशन और राज्य शहरी विकास प्राधिकरण का मिशन निदेशक भी बनाया गया है। आदित्य दहिया को शहरी विकास से जुड़े प्रबंध निदेशक स्तर के दायित्व सौंपे गए हैं।

**वर्षा को स्कूल परियोजना परिषद का चार्ज...** वर्षा खंगवाल को हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की राज्य परियोजना निदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। मनीता मलिक को हरियाणा में प्रारंभिक शिक्षा निदेशक नियुक्त किया गया है। साथ ही उन्हें स्कूल शिक्षा विभाग में अतिरिक्त सचिव का पद भी सौंपा गया है। वंदना डिसोडिया को कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग में निदेशक एवं अतिरिक्त सचिव नियुक्त किया गया है।

## पीएम-आरकेवीवाई: हरियाणा के लिए 1122 करोड़ की कृषि कार्ययोजना स्वीकृत

हरियाणा/ यूटर्न/19 मार्च। हरियाणा राज्य स्तरीय स्वीकृति समिति ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (PM-RKVY) की व्यापक वार्षिक कार्ययोजना को लगभग 1122 करोड़ रुपये के बजट के साथ मंजूरी दी है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पिछले वर्ष की योजनाओं की समीक्षा की गई और आगामी वर्ष के लिए रणनीति तय की गई। इस योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता बढ़ाना, सतत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना, सिंचाई दक्षता सुधारना और राज्य में कृषि अवसंरचना को सुदृढ़ करना है। बैठक में पीएम-आरकेवीवाई, कृषोन्नति योजना और राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की गई। वर्ष 2025-26 में जारी 318.17 करोड़ रुपये में से 240.46 करोड़ रुपये (लगभग 75 प्रतिशत) का उपयोग



हो चुका है। वर्ष 2026-27 के लिए केंद्र सरकार ने 545.53 करोड़ रुपये और राज्य सरकार ने 363.69 करोड़ रुपये का योगदान निर्धारित किया है, कुल आवंटन 909.22 करोड़ रुपये होगा। कृषि मशीनीकरण और फसल अवशेष प्रबंधन को प्राथमिकता देते हुए 200 करोड़ रुपये मशीनीकरण और 250 करोड़ रुपये फसल अवशेष प्रबंधन के लिए निर्धारित किए गए हैं। इसके अलावा एकीकृत बागवानी विकास मिशन के लिए 110 करोड़, ड्रॉप मोर क्रॉप कार्यक्रम के लिए 160 करोड़ और प्राकृतिक खेती के लिए 15 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। राष्ट्रीय तिलहन मिशन, दलहन आत्मनिर्भरता मिशन और राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन के लिए भी वित्तीय आवंटन किया गया है। बैठक में कृषि अवसंरचना, सिंचाई संसाधन और अनुसंधान सुविधाओं के विकास पर भी जोर दिया गया।

## राज्य सरकार बेटियों के उज्जवल भविष्य और उनके सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध

हरियाणा/ यूटर्न/19 मार्च। हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि राज्य में ह्यबेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओह्व कार्यक्रम अब केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव का सशक्त जनआंदोलन बन चुका है। इसका उद्देश्य बेटियों के जन्म को प्रोत्साहित करना, उनके प्रति सम्मान बढ़ाना और समाज में लैंगिक समानता स्थापित करना है। चंडीगढ़ स्थित अपने निवास पर



आयोजित एक सम्मान समारोह में उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। यह कार्यक्रम उन जिलों के लिए था जिन्होंने जन्म के समय लिंगानुपात में उल्लेखनीय सुधार किया है। मंत्री ने बताया कि वर्ष 2014 में हरियाणा का लिंगानुपात 871 था, जो 2025 में बढ़कर 923 हो गया है। उन्होंने कहा कि इस सुधार के पीछे पीसीपीएनडीटी अधिनियम का सख्त पालन, अवैध लिंग चयन पर रोक, एमटीपी के दुरुपयोग के खिलाफ कार्रवाई और गर्भावस्था की रिवर्स ट्रैकिंग जैसे कदम अहम रहे हैं। वर्ष 2025 में पंचकूला, फतेहाबाद और पानीपत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिले रहे। मंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि समाज की बदली सोच और सरकार के सतत प्रयासों का परिणाम है।

## नांगल सिरोही के खेड़की गांव में आसमानी बिजली गिरने से 27 बकरियों की मौत, ग्वालिया झुलसा



हरियाणा/ यूटर्न/19 मार्च। जिले के नांगल सिरोही के समीप स्थित खेड़की गांव में कल शाम अचानक मौसम बिगड़ने के दौरान आसमानी बिजली गिरने से बड़ा हादसा हो गया जिसमें खेतों में बकरी चराने के लिए निकले ग्वालिये की 27 बकरियां आसमानी बिजली गिरने से मौके पर ही मर गई जबकि बकरी चराने वाला ग्वालिया भी बिजली की चपेट में आने से बुरी तरह से झुलस गया जिसका नारनौल के नागरिक अस्पताल में इलाज चल रहा है। ।स्थानीय लोगों ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही गांव के लोग बड़ी संख्या में मौके पर एकत्रित हो गए। पशुपालक सुरेश कुमार ने कहा के उनका बेटा बकरी चराने आया था ,आसमानी बिजली गिरने से पूरी तरह झुलस गया । सुरेश कुमार ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें आर्थिक सहायता दी जाए क्योंकि पशुपालक पालने के अलावा उनके पास कोई रोजी-रोटी का साधन नहीं है।

## सड़क हादसे के बाद नारनौल में ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन, ट्रैफिक जाम



हरियाणा/ यूटर्न/19 मार्च। नारनौल में गांव घाटाशेर के पास नेशनल हाईवे 148-बी पर बुधवार रात सड़क हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने जाम लगा दिया और पुलिस के खिलाफ जमकर 'मुदार्बाद' के नारे लगाए। ग्रामीणों का आरोप है कि इस मार्ग पर लगातार हो रहे हादसों के बावजूद पुलिस और प्रशासन लापरवाह बना हुआ है। बुधवार रात करीब 9 बजे लॉजिस्टिक हब की ओर जा रही एक बोलेरो ने स्कूटी सवार व्यक्ति को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी सवार हरिराम नामक व्यक्ति सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घायल को उठाकर नारनौल नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वहां पर उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। उनका कहना था कि आए दिन इस सड़क पर दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। हादसे के बाद सड़क के किनारे गड्ढे में पड़ी स्कूटी व जाम लगा रहे लोग। सूचना मिलने पर निजामपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन ग्रामीणों ने पुलिस के रवैये को ढुलमुल बताया। बाद में सदर थाना प्रभारी नारनौल धर्मवीर सिंह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाकर जाम खुलवाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

चंडीगढ़
यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
05  शुक्रवार, 20 मार्च 2026



पेज 12 भारत ने ईंधन जहाजों की सुरक्षा के लिए ओमान...

# बीजेपी ने आने वाले असम चुनावों के लिए 88 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की

## सीएम बिस्वा को जालुकबारी सीट से और नए शामिल हुए प्रद्युत बोरदोलोई को दिसपुर से मैदान में उतारा

चंडीगढ़/यूटर्न/19 मार्च। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने गुरुवार को आने वाले असम विधानसभा चुनावों के लिए 88 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की, जिसमें मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को जालुकबारी सीट से मैदान में उतारा गया है। इस पहली लिस्ट में प्रद्युत बोरदोलोई भी शामिल हैं, जो कांग्रेस छोड़ने के बाद पार्टी में शामिल हुए थे। बोरदोलोई को असम की दिसपुर विधानसभा सीट से मैदान में उतारा गया है। नागांव से सांसद बोरदोलोई, कांग्रेस से इस्तीफा देने के एक दिन बाद, बुधवार को मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की मौजूदगी में बीजेपी में शामिल हो गए। बोरदोलोई ने अपने इस्तीफे में मतभेदों और अपमानित महसूस करने के आरोपों का ज़िक्र किया था।



### पार्टी छोड़ना आसानी नहीं था

बोरदोलोई ने कहा कि कांग्रेस छोड़ने और बीजेपी में शामिल होने का फैसला आसान नहीं था और इसे बहुत मुश्किल से लिया गया था। ₹मैं 16 साल की उम्र में कांग्रेस में शामिल हुआ था, और पार्टी ने मेरे जीवन को संवारने में अहम भूमिका निभाई है और मुझे बहुत कुछ दिया है। लेकिन हाल के सालों में, मैं पार्टी में अपमानित, दरकिनार और घुटन महसूस कर रहा था,₹ एक पिछली रिपोर्ट में उनके हवाले से यह बात कही गई थी।

**लोगों के लिए कुछ बेहतर करना...मैं** असम के लोगों के लिए कुछ बेहतर करने के लिए बीजेपी में शामिल हुआ हूँ। मुझे लगता है कि मैं पार्टी को अपनी सेवाएं दे पाऊँगा और असम को देश के सबसे अच्छे राज्यों में से एक बनाने में मदद कर पाऊँगा। मैं अपने नए साथियों के साथ मिलकर असम के सभी समुदायों की भलाई के लिए काम करने का इंतजार कर रहा हूँ,₹ बोरदोलोई ने आगे कहा।

**बोरदोलोई के जाने पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया...**असम कांग्रेस के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने बुधवार को बोरदोलोई के इस्तीफे को दुर्भाग्यपूर्ण, लेकिन एक निजी फैसला बताया। हम उनके फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण मानते हैं। कांग्रेस ने उन्हें पिछले लोकसभा चुनाव में टिकट दिया था। मौजूदा विधानसभा चुनाव में भी पार्टी ने उनके परिवार के एक सदस्य (बोरदोलोई के बेटे प्रतीक को मार्घेरिटा सीट से) को टिकट दिया है। फिर भी वह निजी कारणों से नाराज हैं, गोगोई ने दिल्ली से आने के बाद डिब्रूगढ़ में कहा। बोरदोलोई के बेटे की उम्मीदवारी के संबंध में पार्टी के रुख के बारे में पूछे गए एक सवाल पर गोगोई ने कहा, प्रतीक बोरदोलोई के प्रति मेरी सहानुभूति और नैतिक समर्थन है। वह जो भी फैसला लेना चाहें, मैं पार्टी की ओर से बोलूंगा।

# बीजेपी ने पश्चिम बंगाल चुनावों के लिए 111 सीटों पर उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी की

चंडीगढ़/यूटर्न/19 मार्च। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए 111 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी लिस्ट जारी की। इस लिस्ट में जाने-माने नेता, दूसरी पार्टियों से आए नेता और नए चेहरे शामिल हैं। पश्चिम बंगाल की 294 विधानसभा सीटों पर दो चरणों में वोटिंग 23 और 29 अप्रैल को होगी। नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे। मुख्य नामों में, आईपीएस अधिकारी राजेश कुमार को जगतदल से उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि कौस्तव बागची बैरकपुर से चुनाव लड़ेंगे।

अभिनेत्री से राजनेता बनीं रूपा गांगुली को सोनारपुर दक्षिण से उम्मीदवार बनाया गया है, और तृणमूल कांग्रेस के पूर्व नेता तापस रॉय मानिकतला से चुनाव लड़ेंगे। अभिनेत्री पापिया अधिकारी को टॉलीगंज से टिकट दिया गया है, जबकि प्रियंका टिबरेवाल एंटाली से चुनाव लड़ेंगी। बीजेपी के वरिष्ठ नेता सुवेंदु अधिकारी के भाई दिबेंदु अधिकारी को एगरा से उम्मीदवार बनाया गया है। केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रमाणिक माथाभांगा से चुनाव लड़ेंगे, जबकि शंकर अधिकारी को चोपड़ा से उम्मीदवार बनाया गया है। अरूप चौधरी कमरहटी से चुनाव लड़ेंगे।



### रेखा पात्रा भी चुनाव मैदान में

रेखा पात्रा, जो संदेशखाली घटना के दौरान चर्चा में आई थीं, उन्हें हिंगलगंज से उम्मीदवार बनाया गया है। पूर्व सांसद अर्जुन सिंह नोआपारा से चुनाव लड़ेंगे, जबकि रितेश तिवारी को काशीपुर-बेलगाछिया से उम्मीदवार बनाया गया है। बीजेपी प्रवक्ता डॉ. शतरूपा बालीगंज से चुनाव लड़ेंगी, और अभिनेता हिरन को श्यामपुर से उम्मीदवार बनाया गया है। यह दूसरी लिस्ट बीजेपी की उस रणनीति को दिखाती है जिसमें वह पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों जैसे बड़े मुकाबले के लिए जाने-माने नेताओं, विरोधी पार्टियों से आए नेताओं और जनता के बीच पहचाने जाने वाले चेहरों को एक साथ ला रही है।

### पहली लिस्ट में 144 नाम घोषित किए थे

इससे पहले, पहली लिस्ट में बीजेपी ने कई इलाकों में 144 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए थे, जिनमें उत्तरी बंगाल, दक्षिणी बंगाल के कुछ हिस्से और पश्चिमी जिले शामिल थे। इस लिस्ट में जाने-माने राजनेता, पार्टी के संगठन से जुड़े नेता और ऐसे स्थानीय उम्मीदवार शामिल हैं जो ज्यादा मशहूर नहीं हैं, लेकिन पार्टी के ज़िला स्तर के कामों में सक्रिय रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा चौंकाने वाला फैसला बीजेपी का था, जिसने विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी को दो सीटों से चुनाव लड़ाने का फैसला किया। यह कदम पार्टी के बंगाल अभियान में उनकी अहमियत और बीजेपी की चुनावी रणनीति में बरती जा रही रणनीतिक सावधानी, दोनों को ही दिखाता है।

# स्कूल बस चालकों के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता सत्र आयोजित



पुनीत महाजन

चंडीगढ़/यूटर्न/19 मार्च। आम जनता में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस ने सेक्टर-26 स्थित सेक्रेड हार्ट स्कूल में स्कूल बस चालकों और परिचालकों के लिए विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया। यह कार्यक्रम रळफ्अढर नीति पर आधारित था, जिसका उद्देश्य सुरक्षित सड़क व्यवहार को बढ़ावा देना और परिवहन नियमों के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व व मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें स्कूल प्रबंधन ने भी पूरा सहयोग दिया। इस सत्र में कुल 85 ड्राइवरों, परिचालकों और स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया और सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने मोटर वाहन अधिनियम, केंद्रीय मोटर वाहन नियमों और ड्राइविंग विनियमों के महत्वपूर्ण प्रावधानों के बारे में जानकारी देते हुए नियमों के उल्लंघन पर लगने वाले दंड से भी अवगत कराया। साथ ही हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, गति सीमा का पालन, पैदल यात्रियों की सुरक्षा, आपातकालीन वाहनों को रास्ता देने और सही पार्किंग जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया गया।

# वेतन में देरी के विरोध में कोऑर्डिनेशन कमेटी का मास डेलिगेशन चीफ इंजीनियर से मिला



पुनीत महाजन

चंडीगढ़/यूटर्न/19 मार्च। वेतन समय पर न मिलने और ठेकेदारों द्वारा सैलरी रिलीज के नाम पर पैसे मांगने के विरोध में कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ गवर्नमेंट एंड एमसी एम्पलॉइज एंड वर्कर्स, यूटी चंडीगढ़ का एक मास डेलिगेशन चीफ इंजीनियर सी.बी. ओझा से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने लंबित वेतन और डीसी रेट्स के एरियर को तुरंत जारी करने की मांग उठाई। डेलिगेशन ने आरोप लगाया कि कुछ ठेकेदार सैलरी जारी करने के बदले कर्मचारियों से अवैध वसूली कर रहे हैं, जिसके खिलाफ विजिलेंस विभाग में शिकायत दर्ज कराने की मांग की गई। इस पर चीफ इंजीनियर ने संबंधित अधिकारियों को सभी लंबित शिकायतें तुरंत विजिलेंस को भेजने के निर्देश दिए, ताकि दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो सके। मीटिंग में चीफ इंजीनियर ने भरोसा दिलाया कि अगले दो दिनों में सभी डिविजनों को बजट जारी कर दिया जाएगा, जिससे कर्मचारियों को वेतन मिलना शुरू हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि इलेक्ट्रिकल, पब्लिक हेल्थ, कंस्ट्रक्शन सर्कल और नगर निगम में कार्यरत आउटसोर्स्ड वर्करों को अभी तक वेतन नहीं मिला है। डेलिगेशन में महासचिव राकेश कुमार, किशोरी लाल, हरिंदर सिंह सहित कई सदस्य शामिल रहे।

# चैत्र नवरात्र की शुरुआत, रेवाड़ी के सिद्धपीठ श्री दुर्गा मंदिर में मां शैलपुत्री की पूजा के लिए भक्तों की भीड़

Happy Birthday



PRANIT SHARMA

हरियाणा/ यूटर्न/19 मार्च।भारत में आज से हिंदू सनातन धर्म के प्रतीक चैत्र नवरात्रि का पर्व शुरू हो गया है। नवरात्रि की शुरूआत घट स्थापना के साथ हुई और नौ दिनों तक देवी मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाएगा। रेवाड़ी के बारह हजारी चौक स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री दुर्गा मंदिर में पहले दिन माता के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की विधिपूर्वक पूजा की जा रही है। मां शैलपुत्री को पर्वतराज हिमालय की पुत्री माना जाता है। वे वृषभ (बैल) पर सवार होकर दाएं हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल धारण करती हैं। धार्मिक मान्यता है कि उनकी पूजा से जीवन में स्थिरता, शक्ति, यश और वैवाहिक जीवन की बाधाओं से मुक्ति मिलती है। मंदिरों और प्रतिमाओं को भव्य रूप से सजाया गया है और सुबह से ही भक्तों की चहल-पहल शुरू हो गई है। नवरात्रि के दौरान नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ दिव्य स्वरूपों की पूजा की जाएगी, जिसमें सुबह-शाम आरती और नवचंडी हवन यज्ञ शामिल हैं। पुजारी पंडित अयोध्या प्रसाद तिवारी के अनुसार, चैत्र नवरात्रि का विशेष महत्व है और यह पर्व सुख-समृद्धि, आध्यात्मिक शांति और नई शुरूआत का प्रतीक माना जाता है। साथ ही आज से हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 भी प्रारंभ हुआ है।



Happy Birthday



निहारिका चंदेल

## रूह से रूबरू



चारू नागपाल

## युद्ध ने रमजान के पाक महीने को बेरंग कर दिया।

तीसरे विश्व युद्ध की आहट ने मानवता को गहरे भय और चिंता में डाल दिया है। यह स्थिति और भी दुखद हो जाती है जब यह पवित्र रमजान के महीने में महसूस की जा रही हो। रमजान, जो आत्मसंयम, शांति, दया और इबादत का प्रतीक है, इस बार अशांति और असुरक्षा की छाया में घिरा हुआ प्रतीत होता है। दुनिया के कई हिस्सों में तनाव, संघर्ष और नफरत का माहौल लोगों के दिलों को आहत कर रहा है। इस पवित्र महीने में लोग अल्लाह से शांति, भाईचारे और रहमत की दुआ करते हैं, लेकिन युद्ध की आशंका इन भावनाओं को कमजोर कर रही है। बच्चों, बुजुर्गों और निर्दोष लोगों के मन में डर घर कर गया है। मस्जिदों की रौनक के साथ-साथ एक अनजाना भय भी महसूस किया जा रहा है। यह समय हमें याद दिलाता है कि धर्म का असली संदेश शांति और इंसानियत है, न कि संघर्ष और विनाश। यदि दुनिया के नेता और समाज मिलकर समझदारी और सहनशीलता से काम लें, तो इस भयावह स्थिति को टाला जा सकता है। मुस्लिम धर्मके अनुसार रमजान का यह महीना हमें आत्मचिंतन और एकता का संदेश देता है जो इस बार पूरी दुनिया को एक कटु याद दे गया अब हमें प्रार्थना करनी चाहिए कि अब हमारा भविष्य शांतिमय और सुरक्षित हो ताकि हम मिलकर एक बेहतर और शांतिपूर्ण दुनिया में सुकून से जी सकें।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Agreement to Sell और Sale Deed में क्या अंतर है?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

संपत्ति लेन-देन में दो शब्द अक्सर सुनने को मिलते हैं—Agreement to Sell और Sale Deed. दोनों अलग कानूनी चरणों का प्रतिनिधित्व करते हैं और उनके प्रभाव भी अलग होते हैं।

Agreement to Sell एक प्रारंभिक समझौता होता है, जिसमें विक्रेता और खरीदार यह तय करते हैं कि भविष्य में संपत्ति बेची जाएगी। इसमें बिक्री मूल्य, भुगतान की शर्तें और समयसीमा जैसी बातें दर्ज होती हैं। लेकिन इस चरण पर स्वामित्व का हस्तांतरण नहीं होता।

इसके विपरीत Sale Deed अंतिम दस्तावेज है। जब Sale Deed पंजीकृत हो जाती है, तब संपत्ति का कानूनी स्वामित्व खरीदार के नाम स्थानांतरित हो जाता है।

Agreement to Sell का उद्देश्य लेन-देन की शर्तों को तय करना होता है, जबकि Sale Deed उस समझौते को पूर्ण रूप से लागू करती है।

निष्कर्ष: Agreement to Sell भविष्य की बिक्री का वादा है; Sale Deed वास्तविक स्वामित्व हस्तांतरण का दस्तावेज है।

## रमजान के पवित्र महीने को ध्यान में रखते हुए बचत भवन, फतेहगढ़ साहिब में आयोजित की गई रोजा इफ्तार पार्टी



पंजाब/ यूटर्न/19 मार्च।रमजान के पवित्र महीने को ध्यान में रखते हुए बचत भवन, फतेहगढ़ साहिब में रोजा इफ्तार पार्टी आयोजित की गई। इफ्तार पार्टी का आयोजन जिला प्रधान घट गिनतीया डॉ. चमन कुरैशी, बहादुर खान, रोजा शरीफ सरहद के खलीफा सादिक रजा मुज्जदी, शुकरदीन सहित मुस्लिम समुदाय द्वारा किया गया।

इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इफ्तार पार्टी में विशेष रूप से हल्का फतेहगढ़ साहिब के विधायक लखवीर सिंह राय, हल्का बसी पठाना के विधायक रूपिंदर सिंह हैपी, मनी बड़िंग, पंजाब स्टेट कंटेनर और वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड के वाइस चेयरमैन इंदरजीत सिंह संधू, मूसा खान आदि ने शिरकत की। मौके पर उपस्थित नेताओं ने कहा कि यह इफ्तार पार्टी आपसी भाईचारे का बेहतरीन उदाहरण है, क्योंकि इसमें मुस्लिम समुदाय के साथ हिंदू और सिख समुदाय के लोग भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन मिलजुल कर भाईचारे और सहयोग का संदेश देते हैं। नेताओं ने यह भी कहा कि प्रदेश एक गुलदस्ता है, जहां सभी समुदाय प्यार और सद्भाव के साथ रहते हैं और एक-दूसरे के त्योहारों को मिलकर खुशी के साथ मनाते हैं।

## घरेलू कलह ने करवाई पिता की हत्या, मामला दर्ज

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/19/मार्च। जगरांव के नजदीकी गांव जंडी में बीते दिनों किसान हरजिंदर सिंह (पुत्र जोगिंदर सिंह) की हुई सनसनीखेज हत्या मामले में पुलिस ने अहम सफलता हासिल की है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस ने कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए इस अंधे कत्ल की गुत्थी लगभग सुलझा ली है। शुरूआती जांच में सामने आया है कि इस हत्या के पीछे कोई बाहरी कारण नहीं, बल्कि लंबे समय से चला आ रहा घरेलू विवाद मुख्य वजह है। पुलिस ने इस मामले में मृतक की दूसरी पत्नी के बेटे को कथित मुख्य आरोपी के रूप में नामजद किया है। पुलिस सूत्रों ने खुलासा किया है कि



हरजिंदर सिंह की मौत एक सोची-समझी साजिश का नतीजा थी। कथित आरोपी (मृतक के बेटा) ने सोए हुए हरजिंदर सिंह के सिर पर कुल्हाड़ी के पिछले हिस्से से वार कर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी।

वारदात को अंजाम देने के बाद जांच को गुमराह करने के लिए अलमारी का सामान और दस्तावेज इधर-उधर बिखेर दिए गए, ताकि मामला लूटपाट का लगे। सूत्रों के मुताबिक, घटना के समय मुख्य आरोपी अकेला नहीं था, बल्कि उसका एक और साथी भी मौके पर मौजूद था। पुलिस इस फरार साथी की तलाश में जुटी हुई है। घरेलू कलह को मुख्य कारण मानते हुए पुलिस मृतक की दूसरी पत्नी की भूमिका की भी गहराई से जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार, आने वाले दिनों में उसे भी इस केस में नामजद किया जा सकता है। इस पूरे मामले की जानकारी देते हुए डीएसपी जसविंदर सिंह ढींडसा ने स्पष्ट किया कि पुलिस ने मृतक के बेटे (दूसरी पत्नी के) को शक के दायरे में रखते हुए जांच का दायरा बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में कुछ अन्य लोगों की संलिप्तता होने की भी पूरी संभावना है।

Uturn Time 20 Mar 2026_Layout 2  19-03-2026  22:48  Page 7



# लुधियाना के हंबड़ा रोड पर कूलर फैक्ट्री में भीषण आग: 4 फायर स्टेशनों की 30 गाड़ियों ने 5 घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू



लुधियाना/ यूटर्न/19 मार्च। लुधियाना के हंबड़ा रोड स्थित डायरी कॉम्प्लेक्स के पास देर रात सम्राट कूलर फैक्ट्री में भीषण आग लग गई, जिसने कुछ ही समय में विकराल रूप धारण कर पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के समय फैक्ट्री में नाइट ड्यूटी पर कर्मचारी बैजनाथ मौजूद था, जिसने आग लगते ही मालिक वरुण गुप्ता को सूचना दी। इसके बाद फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। आग इतनी भयानक थी कि उस पर काबू पाने के लिए 4 अलग-अलग फायर स्टेशनों से 30 से अधिक दमकल गाड़ियां मंगवाई गईं। फैक्ट्री करीब 1000 गज में फैली होने के कारण आग तेजी से फैलती गई। दमकल कर्मियों को लगातार पानी भरकर आग बुझाने में घंटों मशक्कत करनी पड़ी और सुबह करीब 3 बजे आग पर काबू पाया गया। फैक्ट्री में एयर कूलर, वेंटिलेशन और एग्जॉस्ट फैन बनाए जाते थे। आग में तैयार माल, कच्चा माल और मशीनरी जलकर राख हो गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ।

# झपटमारों ने महिला के 50 हजार रुपये छीने: नामी होटल के बाहर बाइकसवार बदमाशों ने की वारदात



लुधियाना/ यूटर्न/19 मार्च। लुधियाना में लूटपाट की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला फिरोजपुर रोड स्थित नागपाल रिजेंसी होटल के पास  का है, जहां बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने एक महिला से पर्स छीनकर फरार हो गए। पर्स में करीब 50 हजार रुपये नकद, क्रेडिट कार्ड और जरूरी दस्तावेज मौजूद थे।

पीड़िता के अनुसार, वह 16 मार्च को अपने पति के साथ वहां किसी काम से आई थी। जैसे ही उन्होंने गाड़ी पार्क की और आगे बढ़े, तभी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल पर आए दो युवकों ने उसके हाथ से पर्स झपट लिया। घटना इतनी अचानक हुई कि दंपत्ति को संभलने का मौका भी नहीं मिला और आरोपी भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना पुलिस ने इठर की संबंधित धाराओं के तहत FIR दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की पहचान के लिए तकनीकी टीम की मदद ली जा रही है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की उम्मीद जताई जा रही है।/यूटर्न/19 मार्च।

# नगर परिषद जगरांव में बाहरी लोगों का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं: अध्यक्ष गिल



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/19/मार्च। नगर परिषद जगरांव के सफाई सेवकों और सीवरमैनों ने आज भारी संख्या में एकत्रित होकर अध्यक्ष अरुण गिल के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया। इस दौरान नगर परिषद के कामकाज में बाहरी और गैर-कर्मचारी लोगों के बढ़ते हस्तक्षेप पर कड़ा ऐतराज जताया गया।

**विवाद का मुख्य कारण:-** अध्यक्ष गिल ने बताया कि पिछले दिनों एक पार्षद और राजनीतिक नेता ने अपने निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए कुछ सफाई सेवकों को बहला-फुसलाकर नियमों के विरुद्ध अपना 'अध्यक्ष' घोषित कर दिया। इस कथित चुनाव के दौरान भारी संख्या में गैर-मुलाजिम (बाहरी लोग) शामिल थे। यूनियन अध्यक्ष चुनने के लिए निर्धारित संवैधानिक प्रक्रिया और निर्देशों का सरेआम उल्लंघन किया गया।

हैरानी की बात यह रही कि एक जिम्मेदार अधिकारी ने भी पार्षद के कहने पर इस असंवैधानिक कार्यक्रम में शिरकत की, जिसकी समूह कर्मचारियों ने कड़े शब्दों में निंदा की है।

**हाउस की मर्यादा का उल्लंघन:-**

कर्मचारियों का कहना है कि नगर परिषद के हाउस (हॉल) के अंदर इस तरह का अनधिकृत कार्यक्रम करना हाउस की मर्यादा के खिलाफ है। इस घटना से सफाई सेवकों और सीवरमैनों में भारी रोष है।

**मांग पत्र और चेतावनी:-** भविष्य में कर्मचारियों के मामलों में बाहरी दखलंदाजी को रोकने के लिए सफाई सेवक यूनियन ने एड और कार्यकारी प्रधान को एक मांग पत्र सौंपा। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि यदि यह हस्तक्षेप बंद न हुआ तो वे कड़ा संघर्ष करने को मजबूर होंगे। मांग पत्र देते समय सेक्रेटरी राजिंदर कुमार, आरजी मेट प्रदीप कुमार, राम प्रकाश, सुरजीत सिंह, सीवरेज यूनियन अध्यक्ष राज कुमार, संरक्षक शाम लाल चिंडालिया, डिंपल, जतिंदर सिंह समेत बड़ी संख्या में सफाई सेवक और सीवरमैन मौजूद थे।

## लुधियाना में बच्चे के हत्यारे की वीडियो:रेप केस में फरार कैदी है 9 साल के मासूम का हत्यारा, सूचना देने पर पुलिस देगी 20 हजार



लुधियाना/ यूटर्न/19 मार्च। लुधियाना में 9 वर्षीय अमन की गला रेतकर हत्या के मामले में पुलिस अब तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है, जिससे परिजनों में भारी रोष है। पुलिस के पास आरोपी की सीसीटीवी फुटेज और पहचान होने के बावजूद कार्रवाई धीमी बताई जा रही है। परिजनों के मुताबिक, सूचना देने पर 20 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकला। मृतक के मामा ने आरोप लगाया कि पुलिस संतोषजनक जवाब नहीं दे रही और सिर्फ दबिश देने की बात कह रही है। आरोपी की पहचान अजय के रूप में हुई है, जो पहले भी आपराधिक मामले में शामिल रहा है। बताया जा रहा है कि वह पुलिस कस्टडी से फरार था। 5 फरवरी को बच्चा घर के बाहर से लापता हुआ और बाद में उसका शव पास ही मिला। परिवार ने पुलिस की लापरवाही पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

## लुधियाना में क्रिप्टो करेंसी के नाम पर 43 लाख ठगे: USDT में निवेश का झांसा देकर जालसाजों ने लगाया चूना, 6 के खिलाफ FIR दर्ज




लुधियाना/ यूटर्न/19 मार्च। लुधियाना में डिजिटल इन्वेस्टमेंट और क्रिप्टोकरेंसी के नाम पर 43 लाख रुपये की बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। थाना मॉडल टाउन पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर करीब 8 महीने की लंबी जांच के बाद 6 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता जसकरनजीत सिंह निवासी दुगरी के अनुसार, आरोपियों ने उसे USDT (टेदर) में निवेश कर कम समय में मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया। उनकी बातों में आकर उसने लगभग 43 लाख रुपये निवेश कर दिए। रकम लेने के बाद आरोपियों ने न तो कोई मुनाफा दिया और न ही उसकी मूल राशि वापस की। इसके बाद पीड़ित ने 7 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी। आर्थिक अपराध शाखा की जांच के बाद 18 मार्च को FIR दर्ज की गई। पुलिस ने गुरदीप सिंह, मनप्रीत सिंह, परमिंदर सिंह, सतविंदर सिंह उर्फ प्रिंस, कुलदीप सिंह और भट्टी को नामजद किया है। पुलिस ने इठर की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## लुधियाना मॉर्चरी में लावारिस शवों का अंबार, अंतिम संस्कार का इंतजार



लुधियाना/ यूटर्न/19 मार्च। लुधियाना के सिविल अस्पताल की मॉर्चरी में लावारिस शवों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे अस्पताल प्रशासन के सामने गंभीर चुनौती खड़ी हो गई है। वर्तमान में मॉर्चरी में 20 अज्ञात शव रखे हुए हैं, जिनमें से 10 शव 9 से 41 दिनों से पड़े हैं। इन शवों के परिजनों का अब तक कोई पता नहीं चल पाया है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा संबंधित थानों को कई बार सूचना (रुक्का) और रिमाइंडर भेजे जाने के बावजूद पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इन शवों में से 6 शव थाना मोती नगर क्षेत्र से संबंधित हैं, जबकि अन्य अलग-अलग थानों के हैं। मॉर्चरी की कुल क्षमता 35 शवों की है, लेकिन बढ़ती संख्या के कारण अब नए शवों को रखने में दिक्कत आने लगी है। डॉक्टरों के अनुसार, शवों को लंबे समय तक सुरक्षित रखना चुनौतीपूर्ण होता है और इससे संक्रमण का खतरा भी बढ़ता है। अस्पताल प्रशासन ने पुलिस कमिश्नर को भी इस संबंध में अवगत कराया है। नियमों के अनुसार, 72 घंटे में शिनाख्त न होने पर पुलिस को पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शुरू करनी होती है, लेकिन इसमें देरी से स्थिति गंभीर होती जा रही है।

Uturn Time 20 Mar 2026_Layout 2 19-03-2026 22:48 Page 8



# सेक्टर-49 पुलिस ने स्नैन्चिंग मामले में दो आरोपियों को दबोचा, लूटा मोबाइल व आधार कार्ड बरामद

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/19 मार्च। शहर में बढ़ती स्नैचिंग की घटनाओं पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चंडीगढ़ पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। सेक्टर-49 थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्नैचिंग के एक मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन और एक आधार कार्ड भी बरामद किया है। यह कार्रवाई एसएसपी कंवरदीप कौर के सख्त निर्देशों पर की गई, जिसमें एसपी सिटी और डीएसपी साउथ के मार्गदर्शन में पुलिस टीमों को सक्रिय किया गया था। सेक्टर-49 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर शेर सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपियों तक पहुंचकर उन्हें गिरफ्तार किया।



## स्नैचरों के खिलाफ अभियान जारी

*चंडीगढ़ पुलिस ने साफ किया है कि शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस ने नागरिकों से भी सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की है।*

## कैसे हुई वारदात?

पुलिस के अनुसार बुधवार को दर्ज एफआईआर में शिकायतकर्ता ज्ञान सिंह (55), जो सेक्टर-16 स्थित सरकारी अस्पताल में सफाई कर्मचारी हैं, ने बताया कि वह रात करीब 8:30 से 9:00 बजे के बीच ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहे थे। जब वह सेक्टर-50 और 45 की डिवाइडिंग रोड के पास पहुंचे, तो जंगल की ओर से आए 2-3 युवकों ने उनकी साइकिल रोक ली और उनके पीछे की जेब से रेडमी कंपनी का मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि आरोपी संयुक्त रूप से वारदात को अंजाम देकर मौके से भागे और वह उन्हें पहचान सकता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की और तकनीकी व मानव खुफिया इनपुट के आधार पर दो आरोपियों—मोहम्मद वाजिद (21) और पंकज (22), निवासी बुरैल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन और अन्य दस्तावेज बरामद कर जब्त कर लिए हैं। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की जांच जारी है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि आरोपी किसी अन्य वारदात में शामिल तो नहीं रहे हैं।

# 98 वर्षीय महिला ने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना से कराया कैंसर का मुफ्त इलाज, बनी मिसाल

चंडीगढ़/ यूटर्न/19 मार्च।मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार गुणवत्तापूर्ण और सम्मानजनक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। सरकार का लक्ष्य है कि हर जरूरतमंद नागरिक को बिना आर्थिक बोझ के समय पर उचित इलाज मिल सके। इसी दिशा में मोगा जिले की 98 वर्षीय बुजुर्ग महिला मुख्तियार कौर ने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत कैंसर का कैशलेस इलाज करवाकर इस पहल का लाभ उठाया। वह इस योजना की सबसे अधिक आयु वाली लाभार्थियों में शामिल हैं। स्वास्थ्य कार्ड के जरिए उनकी कीमोथेरेपी पूरी तरह नि:शुल्क की गई, जिससे आर्थिक परेशानी उनके उपचार में बाधा नहीं बनी। अस्पताल में कार्ड सत्यापन के तुरंत बाद इलाज शुरू कर दिया गया, जिससे उन्हें निरंतर और व्यवस्थित देखभाल मिल सकी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि यह योजना बुजुर्गों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने में मदद कर रही है। इसके तहत हर परिवार को सालाना 10 लाख रुपये तक का कैशलेस बीमा मिलता है और अब तक लाखों लोग इसका लाभ उठा चुके हैं।




# भावनाओं का खूबसूरत सफर - रब्ब दा रेडियो 3 का ट्रेलर रिलीज




चंडीगढ़/ यूटर्न/19 मार्च। बहुप्रतीक्षित पंजाबी फिल्म रब्ब दा रेडियो 3 का आधिकारिक ट्रेलर एक भव्य प्रेस कॉन्फ्रेंस में लॉन्च किया गया, जिसमें फिल्म की पूरी टीम और स्टार कास्ट मौजूद रही। मुख्य कलाकार तरसेम जस्सड़ और निमरत खैरा के साथ कई अन्य कलाकारों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। ट्रेलर लॉन्च इवेंट का मुख्य आकर्षण रहा, जिसमें फिल्म की भावनात्मक कहानी की झलक देखने को मिली। यह कहानी प्यार, परिवार और पंजाबी संस्कृति के इर्द-गिर्द घूमती है। ट्रेलर में शानदार अभिनय, दिल को छू लेने वाला संगीत और पुरानी यादों की झलक देखने को मिली, जिसने दर्शकों को प्रभावित किया। कलाकारों ने मीडिया से बातचीत में अपने अनुभव साझा किए। फिल्म का निर्देशन हैरी भट्टी ने किया है और इसे वेहली जनता फिल्म्स द्वारा प्रस्तुत किया गया है। यह फिल्म 3 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# एमसी चंडीगढ़ सख्त: नियम तोड़ने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई, जीरो टॉलरेंस नीति लागू

चंडीगढ़, यूटर्न, 19 मार्च। शहर में नगर निगम कानूनों के सख्ती से पालन को सुनिश्चित करने के लिए एमसी चंडीगढ़ ने बड़ा कदम उठाया है। जॉइंट कमिश्नर डॉ. हिमांशु गुप्ता ने सभी जूनियर इंजीनियरों, सैनिटरी इंस्पेक्टरों और एनफोर्समेंट इंस्पेक्टरों के साथ बैठक कर उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि अब किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत मौके पर ही चालान किया जाएगा। अधिकारियों को सभी सेक्टरों में नियमित निरीक्षण बढ़ाने और नियमों का सख्ती से पालन करवाने के निर्देश दिए गए।



**इन उल्लंघनों पर खास फोकस...**नगर निगम ने साफ किया है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग, सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फैलाना, सड़कों किनारे मलबा फेंकना, अवैध वेंडिंग, बिना अनुमति विज्ञापन बोर्ड लगाना, दीवारों पर पोस्टर चिपकाना और लावारिस वाहन खड़े करना जैसे मामलों पर विशेष सख्ती बरती जाएगी। डॉ. गुप्ता ने कहा कि ऐसे उल्लंघन न केवल शहर की सफाई और व्यवस्था को प्रभावित करते हैं, बल्कि चंडीगढ़ की छवि को भी नुकसान पहुंचाते हैं।

**हॉटस्पॉट क्षेत्रों में विशेष अभियान...**अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाए जाएं और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, चालानों का पूरा रिकॉर्ड रखने और पारदर्शिता बनाए रखने पर भी जोर दिया गया।

**दोबारा उल्लंघन पर सख्त सजा...**नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि आने वाले दिनों में प्रवर्तन अभियान और तेज किए जाएंगे। बार-बार नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और अधिक जुर्माना लगाया जाएगा। नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे नियमों का पालन करें और शहर को स्वच्छ व व्यवस्थित बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

# अब ₹50 में कराये फूड सैंपल की जांच, आपके इलाके में आएगी फूड सेफ्टी वैन

लुधियाना, यूटर्न 19 मार्च। जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को सुरक्षित एवं मिलावट रहित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु खाद सुरक्षा वैन अभियान की शुरूआत की जा रही है। बताया जाता है कि कई महीनो से खराब पड़ी हुई फूड सेफ्टी वैन को ठीक कर लिया है अब स्वास्थ्य विभाग अपनी परफॉर्मेंस दिखाने के लिए से सड़कों में उतारने का प्लान बना रहा है स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान लोगों के घर-द्वार तक खाद्य पदार्थों की जांच की सुविधा पहुंचाने के साथ-साथ खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है खाद्य पदार्थों में बढ़ती मिलावट के मामलों को देखते हुए यह अभियान जनस्वास्थ्य की सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह वैन आधुनिक प्रारंभिक जांच सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसके माध्यम से खाद्य पदार्थों में सामान्य मिलावट की मौके पर ही जांच की जा सकती है। आम नागरिक अपने खाने-पीने के नमूनों की जांच मात्र ₹50 की नाममात्र फीस देकर करवा सकते हैं।

## किस दिन किस इलाके में आएगी वैन नोट करें

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह वैन 20 मार्च 2026 को मॉडल टाउन (गोल मार्केट), 24 मार्च को सराभा नगर, 25 मार्च को पीएयू अगर नगर (रघुनाथ अस्पताल), 27 मार्च को मोती नगर, 28 मार्च को पीएस 1, 2, 3 (क्लॉक टावर के पास), 1 अप्रैल को जोधेवाल, 2 अप्रैल को सलेम टाबरी, 4 अप्रैल को लाडोवाल (स्कूल प्रशिक्षण), 6 अप्रैल को खन्ना (स्कूल प्रशिक्षण), 7 अप्रैल को पायल (स्कूल प्रशिक्षण), 9 अप्रैल को समराला (स्कूल प्रशिक्षण), 10 अप्रैल को दोराहा, 11 अप्रैल को माछीवाड़ा साहिब (स्कूल प्रशिक्षण), 13 अप्रैल को मलौद (स्कूल प्रशिक्षण), 15 अप्रैल को शिमलापुरी, 16 अप्रैल को फोकल प्वाइंट, 17 अप्रैल को साहनेवाल, 18 अप्रैल को कूम कलां, 20 अप्रैल को सदर, 21 अप्रैल को डाबा एवं लोहारा, 22 अप्रैल को जगराओं, 23 अप्रैल को रायकोट, 24 अप्रैल को दाखा, 25 अप्रैल को हथूर (स्कूल प्रशिक्षण), 27 अप्रैल को सिद्धवां बेट, 28 अप्रैल को जोधां, 29 अप्रैल को सुधार तथा 30 अप्रैल को नानकसर एवं कलेरां (स्कूल प्रशिक्षण) में पहुंचेगी। स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है और यह अभियान मिलावट की पहचान, रोकथाम तथा जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।




## विभाग की करनी और कथनी में अंतर

एक और जहां स्वास्थ्य विभाग लोगों को ₹50 में फूड सैंपल की जांच करने की सुविधा दे रहा है दूसरी और विभाग की फूड सेफ्टी टीम हाथ पर हाथ धरे बैठी रहती है कई हफ्तों के बाद कल सिर्फ 11 फुड सैंपल ही लिए जा सके हैं उल्लेखनीय की शुरूआत से विभाग में 4 फुट सेफ्टी अधिकारी तैनात है इसके अलावा जिला स्वास्थ्य अधिकारी को फूड सैंपलिंग की देखरेख करनी होती है परंतु अधिकारी अपने काम के प्रति गंभीर नहीं है बताया जाता है कुछ राजनीतिक नेताओं की छत्रछाया में बिना काम किए हुए ही अपने दिन मजे से काट रहे हैं।

# अमृतसर में खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी: दुकानों से खाने-पीने के सामानों के सैंपल लिए, सफाई में खामियों पर चेतावनी दी



अमृतसर/ यूटर्न/19 मार्च। अमृतसर के नोवेल्टी चौक और लॉरेंस रोड इलाके में आज खाद्य सुरक्षा विभाग ने खाने-पीने की दुकानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने कई दुकानों पर अचानक रेड की और कुछ जगहों से सैंपल लेकर लैब जांच के लिए भेजे। इस कार्रवाई से इलाके के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। इस दौरान ह्व3डी फूडह्व चिकन शॉप के मालिक कुलविंदर सिंह ने मीडिया से बातचीत में स्वीकार किया कि उनकी दुकान में कुछ कमियां पाई गई हैं। उन्होंने बताया कि अक्सर रात में काम करने वाले कर्मचारी सामान बाहर छोड़ देते हैं, जिससे सुबह गंदगी दिखती है। कुलविंदर ने कहा कि वे अपनी गलतियों को सुधारेंगे और भविष्य में केवल प्रमाणित मक्खन का उपयोग करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ग्राहकों को किसी प्रकार की शिकायत का मौका नहीं दिया जाएगा और सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाएगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सतनाम सिंह ने बताया कि शिकायतों के आधार पर यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि नॉनवेज खाने की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सैंपल लैब में भेजे गए हैं और दुकान में पाई गई सफाई संबंधी कमियों के लिए दुकानदार को सख्त निर्देश दिए गए हैं। अधिकारी ने स्पष्ट किया कि लोगों के स्वास्थ्य के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा और इस तरह के जांच अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे, ताकि आम जनता को सुरक्षित और स्वच्छ भोजन मिल सके।

# किसानों की मांगों का सरकार द्वारा समाधान न करने के विरोध में जिला प्रबंधकीय परिसर, फतेहगढ़ साहिब के सामने



पंजाब/ यूटर्न/19 मार्च। लंबे समय से किसानों की मांगों को न मानने और खानौरी तथा शंभू बॉर्डर पर शांतिपूर्ण धरने दे रहे किसानों को जबरदस्ती हटाने तथा उनके समान और अस्तित्व को नुकसान पहुंचाने के विरोध में, जिला प्रबंधकीय परिसर फतेहगढ़ साहिब के सामने शेर-ए-पंजाब किसान यूनियन ने विरोध प्रदर्शन किया और पंजाब सरकार का पुतला दहन किया। इस मौके पर शेर-ए-पंजाब किसान यूनियन के प्रांत अध्यक्ष बलदेव सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें आपसी साजिश के तहत किसानों के साथ बेहद बेरहमी से पेश आ रही हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार को राजस्थान की सीमा पर स्थित खानौरी, शंभू और रतनपुरा में किसानों ने शांतिपूर्ण धरना दिया था, लेकिन उन्हें अब तक न्याय नहीं मिला। बलदेव सिंह ने कहा कि हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा मोगा में की गई रैली केवल पंजाबियों को गुमराह करने का प्रयास थी। इस दौरान पंजाब के ज्वलंत मुद्दे जैसे टरढ गारंटी और अन्य मांगें पूरी तरह नजरअंदाज की गईं। उनका कहना था कि अमित शाह का पंजाब दौरा केवल वोटों की राजनीति और भाषणों तक सीमित था, जिसमें किसानों की समस्याओं को कोई महत्व नहीं दिया गया।

# पंजाब सरकार ने एसिड अटैक पीड़ितों के लिए उच्च सहायता और समावेशी कवरेज के साथ समर्थन को मजबूत किया: डॉ. बलजीत कौर



पंजाब/ यूटर्न/19 मार्च। पंजाब सरकार ने एसिड अटैक पीड़ितों के लिए वित्तीय सुरक्षा और सामाजिक सम्मान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में, सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि पिछले वर्ष से चल रही योजना को अब जेंडर-न्यूट्रल बनाया गया है। इसका मतलब यह है कि अब केवल महिलाएं ही नहीं, बल्कि पुरुष और ट्रांसजेंडर पीड़ित भी इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि योजना के तहत मासिक वित्तीय सहायता को 8,000 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये कर दिया गया है, जो पीड़ितों के जीवन-यापन और पुनर्वास में मददगार साबित होगी। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि पीड़ितों के सम्मान, आत्मविश्वास और समाज में पुनर्स्थापना का एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री ने बताया कि पंजाब सरकार हर हिंसा पीड़ित के साथ खड़ी है और उनका उद्देश्य एक ऐसा समाज बनाना है, जहां सभी पीड़ित समानता, सुरक्षा और सम्मान के साथ जीवन जी सकें। उन्होंने यह भी कहा कि एसिड हमले शारीरिक के साथ-साथ गहरी मानसिक और भावनात्मक पीड़ा छोड़ते हैं। इस योजना के माध्यम से सरकार पीड़ितों को यह भरोसा दिलाती है कि वे अकेले नहीं हैं और उनका जीवन फिर से सम्मान, आशा और आत्मविश्वास से भर सकता है।

## नवरात्रि के पहले दिन माता मनसा देवी मंदिर में 65 श्रद्धालुओं ने किया रक्तदान



पंचकूला, यूटर्न, 19 मार्च। नवरात्रि के शुभ अवसर पर माता मनसा देवी मंदिर परिसर में रक्तदान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 65 श्रद्धालुओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। यह शिविर श्री शिव कांवड़ महासंघ चैरिटेबल ट्रस्ट, महामाई मनसा देवी चैरिटेबल भंडारा कमेटी और श्री ओंकार दास मित्तल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा श्री माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड, जिला रेड क्रॉस सोसायटी पंचकूला, जीएमसीएच-32 चंडीगढ़ और सिविल अस्पताल पंचकूला के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन हरियाणा के मुख्यमंत्री Nayab Singh Saini ने किया। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे इस पुण्य कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लें, क्योंकि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है और इसका कोई विकल्प नहीं है। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी सुमन सैनी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी भाग लेकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। आयोजकों ने बताया कि रक्तदान का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों की मदद करना है। शिविर में 7 लोगों को स्वास्थ्य कारणों से रक्तदान की अनुमति नहीं दी गई। अंत में सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र, स्मृति चिन्ह और बैज देकर सम्मानित किया गया।

## घरेलू हिंसा का सनसनीखेज मामला, बहू पर सास और पति से मारपीट के आरोप

जीरकपुर, यूटर्न, 19 मार्च। शहर के ए.के.एस.-1 इलाके से घरेलू हिंसा का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक बहू पर अपनी 66 वर्षीय सास और पति के साथ बेरहमी से मारपीट करने, घर में तोड़फोड़ करने और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगे हैं। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। पीड़िता मीना कुमारी ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उनके पति का वर्ष 2020 में निधन हो चुका है और वह अपने बेटे करण शारदा, बहू पूजा शारदा और 6 वर्षीय पोते के साथ रहती हैं। उनका आरोप है कि बहू पूजा शारदा आए दिन झगड़ा करती है और शराब के नशे में घर का माहौल बिगाड़ देती है। पीड़िता के अनुसार, 15 मार्च की रात करीब 8:30 बजे जब घर में खाना बन रहा था और उनका बेटा अपने बच्चे को खिला रहा था, तभी बहू घर लौटी और आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने अपने पति करण शारदा को थप्पड़ मारने शुरू कर दिए। जब बुजुर्ग मां ने बीच-बचाव किया तो आरोप है कि बहू ने उनके चेहरे और कान पर जोरदार थप्पड़ मारे, जिससे उनकी नाक से खून बहने लगा और आंख सूज गई। घर में चीख-पुकार मच गई। जैसे ही पुलिस को फोन करने की कोशिश की गई, आरोपी बहू जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गई। हैरानी की बात यह रही कि कुछ समय बाद आरोपी दोबारा घर पहुंची और आंगन में खिड़कियों के शीशे व गमले तोड़कर फिर फरार हो गई। घायल मीना कुमारी को पहले ढकोली सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जीएमसीएच सेक्टर-32 चंडीगढ़ रेफर किया गया। उपचार के बाद उन्हें वापस ढकोली लाया गया। पीड़िता के अनुसार, यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले 4 नवंबर 2025 को भी बहू द्वारा मारपीट की घटना सामने आई थी, जिस पर पुलिस में केस दर्ज किया गया था, लेकिन आरोपी के व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। थाना जीरकपुर पुलिस ने आरोपी पूजा शारदा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 115(2), 126(2) और 351(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।


# चंडीगढ़ के सेक्टर-44डी मार्केट में युवक और पीसीआर कर्मियों के बीच विवाद, एसएसपी को शिकायत

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 19 मार्च। शहर के सेक्टर-44डी मार्केट में एक युवक और पुलिस कंट्रोल रूम (पीसीआर) कर्मियों के बीच विवाद का मामला सामने आया है। युवक ने आरोप लगाया है कि रॉन्ग पार्किंग के चालान को लेकर पीसीआर कर्मचारियों ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया और कार की चाबी तक निकाल ली। इस संबंध में उसने चंडीगढ़ के एसएसपी को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही मार्केट में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कराने की भी मांग की गई है।

शिकायतकर्ता अभिषेक भसीन ने बताया कि रात करीब 11:30 बजे वह सेक्टर-44डी मार्केट में दवाई लेने गया था। उसका कहना है कि उसने अपनी कार मार्केट एरिया में सही तरीके से पार्क की थी। गाड़ी के अंदर रखे पैसों की सुरक्षा के लिए उसने कार के शीशों पर सनशेड लगाए हुए थे। पीसीआर कर्मियों पर अभद्र व्यवहार का आरोप अभिषेक के मुताबिक, उसी दौरान पीसीआर में मौजूद एक पुलिसकर्मी ने उसे बुलाकर सनशेड के बारे में पूछताछ शुरू कर दी और अवैध गतिविधि का आरोप लगाया। युवक का कहना है कि उसने तुरंत निर्देश मानते हुए सनशेड हटाने शुरू कर दिए, लेकिन इसके बावजूद पुलिसकर्मी अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते रहे। उसने आरोप लगाया कि एक अन्य पुलिसकर्मी ने भी आकर उसे धमकाते हुए कहा, 'ज्यादा बदमाश न बन, इसे जल्दी उतार।'





19. Prayer:
In view of the above facts, I respectfully request the following actions:

- Immediate Departmental Inquiry against Constable Ashok Kumar and his associates.
- Preservation and examination of the 112 call recordings made at the mentioned times.
- Verification of PCR vehicle movement logs for vehicle number CH01 GA 0725 for the night of 18.03.2026.
- Inquiry into the allegation of intoxication, including a check of medical examination records.
- Legal action under relevant provisions of law for abuse of power, criminal intimidation,



**Complaint against PCR officials (Vehicle No. CH01 GA 0725) for Harassment, Abuse of Power, Illegal Detention of Property, and Misconduct**

To,
The Senior Superintendent of Police,
Chandigarh.

**Date:** 19.03.2026

Respected Sir/Madam,

I, **Abhishek Bhasin** S/o Sh. Rajesh Bhasin, resident of House No. 1388, Sector 44-B, Chandigarh, wish to lodge a formal complaint against PCR Constable Ashok Kumar and his





Complaint against PC...

abhishek bhasin 3:45 AM
To: The Senior Superintendent of Police...

Chandigarh Administrator... 10:14 AM

Your mail has been forwarded to the DGP U.T., Chandigarh. for appropriate necessary action at their end.

Superintendent Grade - I
for Administrator U.T., Chandigarh
Lok Bhawan Punjab.

From: abhishek bhasin
Date: Thu, 19 Mar 2026 03:45:00 +0530
Subject: Complaint against PCR officials (Vehicle No. CH01 GA 0725) for Harassment, Abuse of Power, Illegal Detention of Property, and Misconduct

See More

Adhar

## दस्तावेज दिखाने के बावजूद नहीं मानी बात

युवक के अनुसार, पुलिसकर्मियों ने उससे आरसी और ड्राइविंग लाइसेंस मांगा। जब उसने बताया कि उसके दस्तावेज डिजिलॉकर ऐप में उपलब्ध हैं, तो पुलिसकर्मियों ने इसे मानने से इनकार कर दिया और कहा कि फोन में दिखाए गए दस्तावेज वैध नहीं हैं। युवक ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों ने उसे अपमानित करते हुए क्रिमिनल तक कहा और बिना किसी वैध कारण के उसकी कार की चाबी जबरन ले ली।

## 112 पर कई बार कॉल करने का दावा

अभिषेक भसीन का कहना है कि लगातार हो रहे उत्पीड़न के चलते उसने रात 11:30, 11:35, 11:45 और 11:46 बजे 112 हेल्पलाइन पर कॉल की। कुछ देर बाद सेक्टर-34 थाने से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। युवक का आरोप है कि मौके पर पहुंचते ही पुलिस ने उसकी गाड़ी का रॉन्ग पार्किंग का चालान काट दिया, जबकि उसने पूछा था कि मार्केट के अंदर रॉन्ग पार्किंग कहां से हो गई।

**नो-पार्किंग बोर्ड नहीं होने का दावा...** शिकायतकर्ता का कहना है कि जिस स्थान पर उसने कार खड़ी की थी, वहां कोई नो-पार्किंग बोर्ड नहीं लगा था। उसने यह भी आरोप लगाया कि पीसीआर में मौजूद एक पुलिसकर्मी नशे की हालत में प्रतीत हो रहा था और उसने उसकी मेडिकल जांच कराने की मांग भी की, लेकिन किसी ने उसकी बात नहीं सुनी।

**सीसीटीवी जांच की मांग...** युवक ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और मार्केट में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की मांग की है। वहीं, पुलिस प्रशासन की ओर से इस मामले में अभी आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# कार से चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, सोने की अंगूठियां व दस्तावेज बरामद



अजीत झा

चंडीगढ़/ यूटर्न/19 मार्च। सेक्टर-31 थाना पुलिस ने चोरी के एक मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई दो सोने की अंगूठियां, एक आधार कार्ड और एक पैन कार्ड बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई एसएसपी कंवरदीप कौर के निर्देशों, एसपी सिटी के मार्गदर्शन और एसडीपीओ साउथ की निगरानी में की गई। थाना सेक्टर-31 के एसएचओ इंस्पेक्टर राजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी सुमित वर्मा (39), निवासी भारत नगर, पठानकोट (पंजाब) को गिरफ्तार किया।

## क्या है मामला?

पुलिस के अनुसार, 26 फरवरी 2026 को रामदरबार फेज-1 स्थित एक घर के बाहर खड़ी कार से चोरी की सूचना मिली थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी कार से काले रंग का लेडीज पर्स चोरी हो गया, जिसमें उसकी मां की दो सोने की अंगूठियां और जरूरी दस्तावेज रखे हुए थे।

## CCTV से मिला सुराग

जांच के दौरान आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें एक संदिग्ध व्यक्ति कार से पर्स चोरी करता हुआ दिखाई दिया। इसी आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 15 मार्च को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## बरामदगी और आगे की कार्रवाई

पुलिस ने आरोपी से चोरी का सामान बरामद कर जब्त कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया था। फिलहाल उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और मामले की आगे जांच जारी है। पुलिस के अनुसार, आरोपी पेशे से कैब ड्राइवर है और उसकी कोई पूर्व आपराधिक पृष्ठभूमि सामने नहीं आई है।

# एमसी चंडीगढ़ की बड़ी कार्रवाईः अतिक्रमण के खिलाफ सख्ती, 71 चालान; वाहन और सामान जब्त

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/19 मार्च। शहर में अतिक्रमण और अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए नगर निगम चंडीगढ़ ने बुधवार को व्यापक अभियान चलाया। दिनभर चली इस कार्रवाई में 71 चालान काटे गए, जबकि कई वाहन और अवैध सामान जब्त किया गया।





**सेक्टर-17 में सुबह कार्रवाई...** सुबह सेक्टर-17 के बैंक स्क्वायर क्षेत्र में निगम की टीम ने 25 चालान किए। यहां सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा कर बैठे अवैध वेंडरों को हटाया गया, जो पैदल चलने वालों के लिए बाधा बन रहे थे।

## सेक्टर-28 मोटर मार्केट में सख्ती

दोपहर में सेक्टर-28 के मोटर मार्केट में कार्रवाई करते हुए 16 वाहनों को जब्त किया गया। ये वाहन सड़क किनारे मरम्मत कार्य कर रहे थे, जिससे अतिक्रमण और यातायात में परेशानी हो रही थी।

**सेक्टर-26 टिंबर मार्केट में शाम को छापेमारी...** शाम के समय सेक्टर-26 के टिंबर मार्केट में अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई की गई। यहां सड़क किनारे वाहन पेंटिंग और रिपेयर का काम किया जा रहा था। इस दौरान 7 वाहन जब्त किए गए। इसके अलावा अवैध रूप से नारियल बेच रहे 3 ट्रकों को भी कब्जे में लिया गया।

## उपकरण भी जब्त

नगर निगम की टीम ने कार्रवाई के दौरान जैक, रबिंग मशीन और सीट कवर बनाने का सामान जैसे उपकरण भी जब्त किए, जो अवैध रूप से उपयोग में लाए जा रहे थे। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि शहर में अतिक्रमण और नियमों के उल्लंघन को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# बारिश के बीच मुस्तैद जीरकपुर ट्रैफिक पुलिस, जाम रोकने को सड़कों पर डटे जवान

जीरकपुर, यूटर्न, 19 मार्च। गुरुवार को इलाके में लगातार हो रही बारिश के बावजूद ट्रैफिक पुलिस पूरी जिम्मेदारी और लगन के साथ अपनी ड्यूटी निभाती नजर आई। शहर के ट्रैफिक सिस्टम को सुचारू बनाए रखने और संभावित जाम की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस के सभी अधिकारी और कर्मचारी फील्ड में तैनात रहे। बारिश के बीच ट्रैफिक कर्मी प्रमुख चौराहों और व्यस्त सड़कों पर डटे रहे और वाहनों की आवाजाही को सुचारू रखने के लिए लगातार प्रयास करते रहे।





## रोड सिस्टम पर खास ध्यान:

जीरकपुर, जो चंडीगढ़-अंबाला और चंडीगढ़-पटियाला हाईवे का मुख्य हब माना जाता है, वहां बारिश के दौरान अक्सर ट्रैफिक की गंभीर समस्या पैदा हो जाती है। इस स्थिति से निपटने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष रणनीति अपनाते हुए प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की है। कर्मचारी बारिश के बीच खड़े होकर यातायात को नियंत्रित कर रहे हैं ताकि जाम की स्थिति न बने।

**नियम तोड़ने वालों पर सख्ती:** पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि बारिश का बहाना बनाकर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। मौके पर ही चालान काटने की कार्रवाई की जा रही है। विशेष रूप से रॉन्ग साइड ड्राइविंग और रेड लाइट जंप करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

**जनता से अपील:** ट्रैफिक पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि बारिश के मौसम में सड़कों पर फिसलन को ध्यान में रखते हुए सावधानी से वाहन चलाएं। बेवजह सड़कों पर भीड़ न लगाएं, ट्रैफिक नियमों का पालन करें और ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों का सहयोग करें, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित हो सके।

# अमृतसर में 4Kg हेरोइन समेत सरपंच अरेस्ट: VIP नंबर स्कॉर्पियो में अवैध हथियार भी मिले

अमृतसर/ यूटर्न/ 19 मार्च। अमृतसर में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 4 किलो 300 ग्राम हेरोइन के साथ एक सरपंच समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक अवैध पिस्टल और जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

ये तीनों आरोपी एक वीआईपी नंबर वाली स्कॉर्पियो में सवार होकर नशा सप्लाई करने जा रहे थे। मेहता थाने के एएसआई पलविंदर सिंह के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने ओएटी सेंटर के पास नाकाबंदी की। सूचना मिली थी कि लवप्रीत सिंह, सिमरप्रीत



सिंह और बलवंत सिंह नशा तस्करी में शामिल हैं और हथियारों से लैस हैं। इसके बाद पुलिस ने स्कॉर्पियो (PB02-BD-9300) को रोककर तलाशी ली, जिसमें से भारी मात्रा में हेरोइन और हथियार बरामद हुए।

गिरफ्तारी के बाद सरपंच के कुछ राजनीतिक नेताओं के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं, जिनमें उसके आम आदमी पार्टी से जुड़े होने के दावे किए जा रहे हैं। हालांकि इस मामले में अभी तक पार्टी या पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# खरड़ में पुलिसकर्मी ने मारी कई वाहनों को टक्कर: लोगों ने घेरकर पकड़ा, हुई बहस, कार पर लगे AK-47 के स्टिकर

पंजाब/ यूटर्न/ 19 मार्च।मोहाली के खरड़ क्षेत्र की हॉस्पिटल रोड पर बुधवार देर रात एक तेज रफ्तार कार ने कई वाहनों को टक्कर मार दी, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। कार चला रहा व्यक्ति पुलिस की वर्दी में था और उसकी गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई। आरोपी की पहचान हेड कॉन्स्टेबल गुरजीत सिंह के रूप में हुई है, जो ढइ13अउ-0710 नंबर की वर्ना कार चला रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार काफी तेज गति में थी और उसने रास्ते में कई गाड़ियों को टक्कर







मारी। कार पर एके-47 के स्टिकर भी लगे हुए थे। जब आरोपी की कार सिविल अस्पताल के सामने पहुंची, तो स्थानीय लोगों ने उसे घेर लिया। इस दौरान आरोपी और लोगों के बीच बहस भी हुई। लोगों का कहना है कि आरोपी शराब के नशे में था। वीडियो बनते देख वह शांत हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में लिया और मेडिकल जांच करवाई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रॉपर्टी झगड़े ने ली जान: जगराओं में पिता की हत्या, सौतेले बेटे पर आरोप

जगराओं/ यूटर्न/19 मार्च। पंजाब के जगराओं में संपत्ति विवाद ने एक दर्दनाक मोड़ ले लिया, जहां एक बेटे पर अपने ही पिता की हत्या करने का आरोप लगा है। जानकारी के अनुसार, यह मामला लंबे समय से चल रहे पारिवारिक झगड़े का परिणाम है। मृतक की दूसरी पत्नी के बेटे पर इस वारदात को अंजाम देने का आरोप है, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। बताया जा रहा है कि परिवार के बीच संपत्ति को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। कई बार आपसी कहासुनी और झगड़े



की नौबत भी आ चुकी थी, लेकिन इस बार मामला इतना बढ़ गया कि हिंसक रूप ले लिया। घटना के दिन भी दोनों पक्षों के बीच बहस हुई, जो देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, आरोपी ने गुस्से में आकर अपने पिता पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश जारी है। इस घटना ने एक बार फिर पारिवारिक विवादों के गंभीर परिणामों को उजागर कर दिया है।

# ढकोली में चोरी की वारदातों पर पुलिस सख्त, संदिग्ध शातिर चोर के खिलाफ केस दर्ज

जीरकपुर/यूटर्न/19 मार्च। ढकोली क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध शातिर चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई गुप्त एवं विश्वसनीय सूचना के आधार पर की गई, जिससे पुलिस की सक्रियता साफ नजर आई है। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार 18 मार्च 2026 की रात करीब 9:38 बजे एएसआई निर्मल सिंह अपनी टीम के साथ टी-प्वाइंट, डीपीएस स्कूल ढकोली के पास गश्त और तलाशी अभियान चला रहे थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि पीर मुछल्ला निवासी शिवम, जो इलाके में चोरी की वारदातों में संलिप्त है, चोरी का सामान लेकर गांव और जंगल की ओर आने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत नाकाबंदी की योजना बनाकर क्षेत्र में घेराबंदी शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गतिविधियां भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2) के तहत अपराध की श्रेणी में आती हैं। इस संबंध में कांस्टेबल गुरविंदर सिंह के माध्यम से आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है, जबकि आगे की जांच एएसआई निर्मल सिंह को सौंपी गई है।

# एसजीपीसी कर्मचारी सिखी पहनावे में पहुंचे दफ्तर, ड्यूटी से पहले मूल मंत्र जाप किया, सप्ताह में 3 दिन ड्रेस कोड रहेगा लागू



अमृतसर/यूटर्न/19 मार्च। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के सभी कर्मचारी आज से ड्यूटी के दौरान पारंपरिक सिख पहनावा कुर्ता-पजामा में दिखे। पिछले दिनों कमेटी ने ड्रेस कोड लागू किया था। इस कदम का उद्देश्य सिख मर्यादा और परंपराओं को सुदृढ़ करना है। पहले चरण में यह नियम सप्ताह के तीन दिन-गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को लागू रहेगा। इन निर्धारित दिनों में सभी कर्मचारियों को सिखी पहनावे में उपस्थित रहने के निर्देश मिले थे। वीरवार को इसका असर भी देखने को मिला।

## सिख परंपराओं की मर्यादा का पालन करने का आह्वान

प्रतिदिन ड्यूटी शुरू करने से पहले सामूहिक रूप से मूल मंत्र और ‘वाहेगुरु’ गुरुमंत्र का जाप करना भी अनिवार्य किया गया है। एसजीपीसी के सचिव बलविंदर सिंह काहलवां ने बताया कि गुरुद्वारों में सेवा करने वाले प्रत्येक सेवादार और कर्मचारी की यह जिम्मेदारी है कि वे अपनी वेशभूषा और आचरण के माध्यम से सिख परंपराओं की मर्यादा का पालन करें। काहलवां ने आगे कहा कि गुरुद्वारा साहिबानों का प्रबंधन संगत के सहयोग से संचालित होता है। इसलिए, यहां कार्यरत सभी कर्मचारियों, सेवादारों और अधिकारियों को सादगीपूर्ण और पारंपरिक जीवनशैली अपनानी चाहिए, ताकि सिखी सिद्धांतों की स्पष्ट झलक दिखाई दे।/यूटर्न/19 मार्च।

**Nidhhi Agerwal**



# भारत ने ईंधन जहाजों की सुरक्षा के लिए ओमान की खाड़ी के पास युद्धपोत भेजे

चंडीगढ़/यूटर्न/19 मार्च। मामले से परिचित लोगों ने बताया कि भारत ओमान की खाड़ी और अरब सागर में अतिरिक्त युद्धपोत भेज रहा है, ताकि उसके जहाजों का सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित किया जा सके। ऐसा इस उम्मीद में किया जा रहा है कि ईरान अपने और भी ईंधन टैंकरों को होर्मुज जलडमरूमध्य से बाहर निकलने की अनुमति दे सकता है। इन लोगों ने बताया कि भारतीय नौसेना एहतियाती कदम के तौर पर इस इलाके में आधे दर्जन से ज्यादा युद्धपोत तैनात कर रही है, जिनमें लॉजिस्टिक्स जहाज भी शामिल हैं। इन लोगों ने अपनी पहचान जाहिर न करने की शर्त पर यह जानकारी दी, क्योंकि ये चर्चाएँ निजी थीं। उन्होंने बताया कि ये युद्धपोत होर्मुज जलडमरूमध्य के पूर्व में तैनात रहेंगे और जलमार्ग में प्रवेश नहीं करेंगे। उनका उद्देश्य जहाजों को तब तक सुरक्षा देना होगा, जब तक वे उत्तरी अरब सागर के सुरक्षित जलक्षेत्र में नहीं पहुँच जाते।



## भारत ने नहीं दी प्रतिक्रिया

भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की उस माँग पर सीधे तौर पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, जिसमें उन्होंने अन्य देशों से होर्मुज जलडमरूमध्य में युद्धपोत भेजने का आग्रह किया था, ताकि जहाजों को वहाँ से गुजरने में मदद मिल सके। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस सप्ताह की शुरूआत में पत्रकारों को बताया था कि इस मामले पर अमेरिका के साथ द्विपक्षीय स्तर पर कोई चर्चा नहीं हुई है। मंत्रालय और भारतीय नौसेना ने इस मामले पर टिप्पणी के अनुरोध का तत्काल कोई जवाब नहीं दिया।

## एलपीजी गैस टैंकरों की सुरक्षा सुनिश्चित

हाल के दिनों में भारत ने लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (LPG) ले जा रहे दो सरकारी टैंकरों का सुरक्षित पारगमन सुनिश्चित किया है, और अब वह ईरान के साथ बातचीत कर रहा है ताकि कई और ईंधन जहाजों को भी वहाँ से गुजरने की अनुमति मिल सके। फरवरी के अंत में जब से अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हवाई हमले शुरू किए हैं, तब से होर्मुज जलडमरूमध्य प्रभावी रूप से बंद हो गया है। इसके चलते भारत में गैस की भारी किल्लत हो गई है, क्योंकि भारत अपनी LPG का लगभग 90% आयात मध्य-पूर्व से ही करता है।

## भारत की पुरानी नीति

भारत की पुरानी नीति यह रही है कि वह संयुक्त राष्ट्र के जनादेश के तहत ही अंतर्राष्ट्रीय सैन्य अभियानों में हिस्सा लेता है, न कि किसी एक देश द्वारा की गई एकतरफा कार्रवाइयों का साथ देता है। संघर्ष वाले क्षेत्रों में व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा के लिए युद्धपोत भेजना भारत के लिए कोई नई बात नहीं है। वर्ष 2024 में, यमन में ईरान समर्थित हूथी विद्रोहियों द्वारा किए गए समुद्री डाकुओं के हमलों के बाद, भारतीय नौसेना ने अरब सागर में कम से कम एक दर्जन युद्धपोत तैनात किए थे।

## भारतीय नौसेना बनाए रखती उपस्थिति

भारतीय नौसेना के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी डी.के. शर्मा ने बताया कि नौसेना ओमान की खाड़ी और होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास के समुद्री क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति बनाए रखती है। इसका उद्देश्य ₹भारतीय ध्वज वाले व्यापारिक जहाजों को सुरक्षा का भरोसा दिलाना और ऊर्जा की आपूर्ति में किसी भी तरह की रुकावट न आने देना सुनिश्चित करना₹ है। इस मामले से परिचित लोगों ने बताया कि ये युद्धपोत 'ऑपरेशन संकल्प' के तहत तैनात किए जा रहे हैं। यह 2019 का एक मिशन है जिसका मकसद खाड़ी क्षेत्र में व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा करना और भारत के समुद्री हितों की रक्षा करना है।

## भारत के २२ जहाज फंसे

सरकारी अधिकारियों के अनुसार, फारसी खाड़ी में भारत का झंडा लगे 22 जहाज फँसे हुए हैं, जिनमें छह छढ़ॠकैरियर, एक लिक्विफाइड नेचुरल गैस ले जाने वाला जहाज और चार कच्चे तेल के टैंकर शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले हफ़्ते के आखिर में कहा था कि उन्होंने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के साथ ₹इस क्षेत्र की गंभीर स्थिति₹ पर चर्चा की है, जिसमें जलडमरूमध्य से जहाजों के सुरक्षित गुजरने के तरीकों पर भी बात हुई।

# सिद्धू मूसेवाला का होलोग्राम टूर रिलीज, पाकिस्तान में भी शो, सिंगर की आंखें खुलते ही स्टेडियम में भीड़

पंजाब/यूटर्न/19 मार्च। पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला का अवेटेड शो साइन टू गॉड वर्ल्ड टूर का टीजर रिलीज हो गया है। सिद्धू मूसेवाला के ऑफिशियल इंस्टा अकाउंट पर इसका वीडियो शेयर किया गया है। टीजर की शुरूआत सिद्धू मूसेवाला के होलोग्राम से होती है। सिद्धू को आंखें खोलते हुए और फिर स्टेडियम में भीड़ को दिखाया गया है। ब्लैक टाइगर भी नजर आया है। मौत के बाद किसी पहले कलाकार का ये पहला होलोग्राम शो होने का दावा गया है। सिद्धू मूसेवाला का ये शो 8 देशों में रिलीज होगा। पहली बार पाकिस्तान में भी शो होगा। सिद्धू मूसेवाला के पाकिस्तान में लाखों फैंस हैं। सिद्धू ने एक कार्यक्रम में पाकिस्तान में शो करने का वादा किया था जिसे अब सिद्धू के पिता बलकौर सिंह पूरा करने जा रहे हैं।



## 11 जून को शो डिटेल होगी रिलीज

मूसेवाला का ये शो उनके बर्थडे पर यानि 11 जून को पूरा रिलीज होने की उम्मीद है। पिता बेटे के हर बर्थडे पर फैंस को कुछ न कुछ तोहफा देते हैं। पिता ने कहा था कि आने वाले 30 साल तक वह सिद्धू के फैंस के लिए कुछ न कुछ गिफ्ट देते रहेंगे। मूसेवाला ने बहुत से गीत लिखें, जिनमें से हर साल एक गीत रिलीज होता रहेगा। होलोग्राम के टीजर में छोटे सिद्धू का भी फोटो लगाया गया है। लास्ट में लिखा- हैप्पी बर्थडे शुभदीप। सिद्धू मूसेवाला के पिता ने जनवरी में इस शो का पहला पोस्टर रिलीज किया था और बताया था कि शो को इटली की टीम तैयार कर रही है। इसकी रिलीजिंग डेट नहीं बताई थी।

## मिस ग्रैंड पंजाब क्राउन सेरेमनी कल

चंडीगढ़/यूटर्न/19 मार्च। शहर के प्रतिष्ठित चंडीगढ़ प्रेस क्लब में कल आयोजित होने जा रही मिस ग्रैंड पंजाब क्राउन सेरेमनी को लेकर उत्साह चरम पर है। इस भव्य आयोजन में विजेता को मिस ग्रैंड पंजाब का ताज पहनाया जाएगा। इवेंट में मिस ग्रैंड पंजाब और मिस ग्रैंड चंडीगढ़ की स्टेट डायरेक्टर अक्षिता अरोड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी और विजेता को क्राउन पहनाकर सम्मानित करेंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल सुंदरता बल्कि आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और सामाजिक जागरूकता को भी मंच प्रदान करना है। आयोजकों के अनुसार, इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली प्रतिभागियां अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और पब्लिक स्पीकिंग के दम पर खिताब जीतने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। विजेता को आगामी मिस ग्रैंड इंडिया प्रतियोगिता में पंजाब का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा, जो प्रतिभागियों के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का बड़ा मंच साबित हो सकता है। गौरतलब है कि मिस ग्रैंड पंजाब में फैशन, टैलेंट और प्रश्नोत्तर राउंड के जरिए प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया जाता है। आयोजकों का कहना है कि यह इवेंट युवा प्रतिभाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा और उन्हें अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ाएगा।



## लुधियाना में 7 साल का बच्चा लापता: मौलवी के पास ट्यूशन पढ़ने के लिए निकला था, परिजनों ने जताई अपहरण की आशंका

लुधियाना/ यूटर्न/19 मार्च। लुधियाना के जनकपुरी इलाके से 7 वर्षीय बच्चा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है। परिजनों ने बच्चे के अपहरण की आशंका जताई है। जानकारी के अनुसार, बच्चा ट्यूशन पढ़ने के लिए घर से निकला था, लेकिन न तो वह ट्यूशन पहुंचा और न ही वापस घर लौटा। शिकायतकर्ता पिता सुदाम हुसैन, जो गली नंबर 5 में किराए पर रहते हैं, ने बताया कि उनका बेटा साबिर हुसैन 18 मार्च 2026 को पास की गली नंबर 6 में एक मौलवी के पास पढ़ने गया था। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पिता ने आशंका जताई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने बच्चे को गलत इरादे से अगवा किया हो सकता है। परिवार के अनुसार, साबिर तीन बच्चों में सबसे छोटा है। इस घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने थाना डिविजन नंबर 2 में मामला दर्ज कर लिया है और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच के साथ बच्चे की तलाश जारी है।



Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372